दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 239 जयपुर | गुरुवार ,03 जुलाई, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2082 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ :10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## आइए आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ते हैं...टेरर के स्पॉन्सर पाक ने भारत की तरफ बातचीत का बढ़ाया हाथ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इस्लामाबाद पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट में आतंकवाद के खिलाफ विश्व के लिए पाकिस्तान की लड़ाई विषय पर बोलते हुए भुट्टो ने भारत से शत्रुता से आगे बढ़ने और सहयोगात्मक सहभागिता अपनाने का आग्रह किया। आतंक को पालने-पोषणे और खाद-पानी देने वाला भारत का पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान बार-बार बातचीत का हाथ बढ़ाने का दिखावा करता नजर आ रहा है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से आह्वान किया है कि वह आतंकवाद से लड़ने और क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक, अभूतपूर्व साझेदारी बनाने में पाकिस्तान के साथ शामिल हो। इस्लामाबाद पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट में आतंकवाद के खिलाफ विश्व के लिए पाकिस्तान की लड़ाई विषय पर बोलते हुए भुट्टो ने भारत से शत्रुता से आगे बढ़ने और सहयोगात्मक सहभागिता अपनाने का आग्रह किया। भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद से मिलकर लड़ने के लिए भारत के साथ ऐतिहासिक, अभूतपूर्व साझेदारी बनाने के लिए तैयार है। टकराव के बजाय सहयोग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हम एक दूसरे के खिलाफ़ एक दूसरे को हराने वाले दुश्मन नहीं हैं, बल्कि हम एक दूसरे के पड़ोसी हैं, जो एक अरब लोगों को चरमपंथ के कहर से बचाने के लिए नैतिक और सभ्यतागत दायित्व साझा करते हैं।




### भारत के रुख की आलोचना और बातचीत का आह्वान

भुट्टो ने भारत के नेतृत्व से टकराव की मुद्रा को त्यागने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत के नेतृत्व से बस इतना ही अपेक्षित है कि वह रसातल में जाने वाले अपने ऊँचे घोड़े से नीचे उतरकर पाकिस्तान के साथ शांति की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कश्मीर और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) सहित दीर्घकालिक विवादों के समाधान के महत्व पर भी बल दिया, जिसे भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद स्थगित कर दिया था - एक ऐसी घटना जिसमें कथित तौर पर पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी।

### शांति और समाधान की अपील

भुट्टो ने दोनों देशों से कश्मीर मुद्दे को लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप हल करने का आग्रह किया और जल-संबंधी तनावों को कम करने की वकालत की, उन्होंने %जल के हथियारीकरण को समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने सिंधु घाटी सभ्यता में निहित साझा परंपराओं की वापसी का आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम हिमालय की तरह शक्तिशाली शांति का निर्माण करें।卐 卐हाथ बढ़ाना कमजोरी नहीं है। यह समझदारी है।

## पांच देशों की यात्रा के दौरान सबसे पहले घाना क्यों गये हैं मोदी?



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हम आपको बता दें कि भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। दोनों देश उपनिवेशवाद से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों, ग्लोबल साउथ के हितों और आर्थिक विकास की दिशा में मिलकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्राजील समेत पांच देशों की एक सप्ताह की यात्रा के लिए रवाना हुए और अपने पहले पड़ाव के तहत अफ्रीकी देश घाना पहुँचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर बुधवार और बृहस्पतिवार को वहां रहेंगे। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की घाना की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। साथ ही यह तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा होगी। प्रधानमंत्री घाना की संसद को भी संबोधित करेंगे। यात्रा पर रवाना होने से पहले जारी बयान में प्रधानमंत्री ने कहा कि ''हम दोनों लोकतांत्रिक देश हैं। ऐसे में घाना की संसद में संबोधन देना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।''हम आपको बता दें कि भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। दोनों देश उपनिवेशवाद से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों, ग्लोबल साउथ के हितों और आर्थिक विकास की दिशा में मिलकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घाना यात्रा इस द्विपक्षीय रिश्ते को एक नई ऊँचाई पर ले जाने का संकेत है।

## दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर चीन ने क्यों की अपनी आंखें लाल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो 23 वर्ष के थे, जब 1959 में वे अपनी जान को खतरा होने के कारण ल्हासा से भाग गए थे, क्योंकि चीनी सैनिकों ने तिब्बत पर नियंत्रण कर लिया था।

चीन ने कहा कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। यह बात तिब्बती आध्यात्मिक नेता की इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही गई है कि उनकी मृत्यु के बाद उनका उत्तराधिकारी पुनर्जन्म लेगा। चीन की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने नए दलाई लामा को चुनने के लिए 18वीं शताब्दी में किंग राजवंश के सम्राट द्वारा शुरू की गई एक पद्धति का जिक्र करते हुए कहा कि दलाई लामा, पंचेन लामा और अन्य महान बौद्ध हस्तियों के पुनर्जन्म को स्वर्ण कलश से पर्ची निकालकर चुना जाना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो 23 वर्ष के थे, जब 1959 में वे अपनी जान को खतरा होने के कारण ल्हासा से भाग गए थे, क्योंकि चीनी सैनिकों ने तिब्बत पर नियंत्रण कर लिया था। दरअसल इतिहास में दलाई लामा चुने जाने के कई तरीके अपनाए गए हैं। एक तरीका है जिसमें नाम एक स्वर्ण कलश से निकाला जाता है। लेकिन वह कलश आज चीन के पास है। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने अपने 90वें जन्मदिन से चार दिन पहले कहा कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने इस अनिश्चितता को समाप्त कर दिया कि उनके बाद उनका कोई उत्तराधिकारी होगा या नहीं। गत 21 मई, 2025 को तिब्बती में दिए गए और बुधवार को धर्मशाला में उनके कार्यालय द्वारा जारी किए गए बयान में दलाई लामा ने कहा कि गादेन फोडरंग ट्रस्ट के पास भावी दलाई लामा को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार है। चौदहवें दलाई लामा - तेनजिन ग्यात्सो, जिन्हें ल्हामा थोंडुप भी कहा जाता है, के 90वें जन्मदिन का जश्न 30 जून को धर्मशाला के पास मैकलॉडगंज के मुख्य मंदिर सुगलागखांग में शुरू हुआ। बयान में कहा गया कि मैं पुष्टि करता हूं कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी।

## 9 जुलाई को लंबे पावर कट के लिए रहिए तैयार!

### 27 लाख बिजली कर्मचारी करेंगे हड़ताल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने कहा कि यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) का निजीकरण करने का फैसला किया है, जो राज्य के 75 में से 42 जिलों को कवर करते हैं। इंजीनियरों के संगठन एआईपीईएफ ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में दो डिस्कॉम के निजीकरण के सरकार के कदम के खिलाफ 27 लाख से अधिक बिजली क्षेत्र के कर्मचारी 9 जुलाई को एक दिन की देशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने कहा कि यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का निजीकरण करने का फैसला किया है, जो राज्य के 75 में से 42 जिलों को कवर करते हैं।



## बैंगलुरु भगदड़ मामलाः सीएटी ने आईपीएस अधिकारी का निलंबन किया था रद्द, आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची कर्नाटक सरकार

बढ़ता राजस्थान

**बैंगलुरु ( एजेंसी )।** अदालत ने राज्य सरकार को कार्यालय आपत्तियों को दूर करने का निर्देश दिया और पीठ ने कहा कि सुनवाई गुरुवार (3 जुलाई) को होगी।कर्नाटक सरकार ने बुधवार को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसमें चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामले के सिलसिले में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास कुमार के निलंबन को रद्द करने के केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती दी गई। महाधिवक्ता के शशिकरण शेट्टी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति एसजी पंडित की एकल पीठ के समक्ष एक याचिका प्रस्तुत की। अदालत ने राज्य सरकार को कार्यालय आपत्तियों को दूर करने का निर्देश दिया और पीठ ने कहा कि सुनवाई गुरुवार (3 जुलाई) को होगी। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य सरकार केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के उस फैसले के खिलाफ अपील करने पर विचार कर रही है, जिसमें वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास कुमार के निलंबन आदेश को रद्द कर दिया गया था। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के केंद्रीय कार्यालय वर्था सौधा में मीडिया से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामले में आईपीएस अधिकारियों के निलंबन आदेश को रद्द करने के केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ अपील करने का अवसर है और इस संबंध में उचित निर्णय लिया जाएगा।



## सोनिया और राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने किया बड़ा दावा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एजेएल पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड अखबार का प्रकाशन करता था। राजू ने कहा कि यंग इंडियन बनाने की साजिश रची गई थी, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के 76त्न शेयर थे, ताकि कांग्रेस से लिए गए 90 करोड़ रुपये के कर्ज के लिए 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पी जा सके।


दिल्ली की एक विशेष अदालत ने अब बंद हो चुके नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को दैनिक सुनवाई शुरू की। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी राजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को हड़पना चाहती थी, जिसकी संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये की थी। एएसजी ने कहा कि यह साजिश कांग्रेस पार्टी के इशारे पर सोनिया और राहुल गांधी ने रची थी।



## कोविड के बाद अचानक मौतों पर स्टडीः आईसीएमआर का दावा- वैक्सीन से इसका संबंध नहीं, 18 से 45 साल के लोगों पर हुई रिसर्च

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत में कोवीशील्ड और कोवैक्सिन नाम की दो कोविड वैक्सीन इस्तेमाल हुई थीं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने अपनी स्टडी में बताया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है।यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। स्टडी में कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइडइफेक्ट के मामले रेयर हैं। स्टडी में बताया गया है कि अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं।भारत में दो कोविड वैक्सीन विकसित हुई थीं। भारत बायोटेक ने ढ्ढष्टरूक्र के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोवीशील्ड बनाई थी।



अचानक होने वाली मौतों की वजह समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इसके लिए दो रिसर्च स्टडी की जा रही हैं। पहली पिछले डेटा पर आधारित थी और दूसरी रियल टाइम इन्वेस्टिगेशन से जुड़ी है।

**पहली स्टडी- कोविड वैक्सीन से अचानक मौत का जोखिम नहीं**

ICMR के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी (NIE) ने मई, 2023 से अगस्त, 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों पर स्टडी की।इसमें ऐसे लोगों का डेटा देखा गया जो स्वस्थ दिख रहे थे, लेकिन अक्टूबर, 2021 से मार्च, 2023 के बीच अचानक उनकी मौत हो गई।




## नेटो देश खरीद रहा मेक इन इंडिया वाला हथियार, ट्रंप अमेरिका को ग्रेट बनाते रह गए, भारत बना डिफेंस का नया किंग?

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एक विश्व स्तरीय काउंटर-यूएएस प्रणाली है जिसमें विशेष वाइडबैंड डिटेक्शन और न्यूट्रलाइजेशन क्षमताएं हैं, जो सर्वदिशात्मक और दिशात्मक दोनों तरह के संचालन का समर्थन करती हैं। इसका अनुकूली, अपग्रेड करने योग्य विन्यास 400 मेगाहर्ट्ज से 6 गीगाहर्ट्ज आवृत्तियों पर ड्रोन, रिमोट कंट्रोल और उनके टेक-ऑफ और नियंत्रण स्थानों सहित सटीक खतरे का पता लगाने में सक्षम बनाता है, जिसमें अधिकतम पांच एक साथ बैंड शामिल हैं।दुनिया हैरान है और भारत गर्वित महसूस कर रहा है क्योंकि भारत की कंपनी पारस डिफेंस और स्पेस टेक्नलॉजी को नाटो देश फ्रांस की प्रतिष्ठित रक्षा कंपनी से 22.21 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। ये सिर्फ एक डील नहीं बल्कि भारत के डिफेंस साम्राज्य की शुरुआत है। कहा तो ये भी जा रहा है कि भारत अब डिफेंस टेक्नोलॉजी में सुपर पावर बनने जा रहा है।



सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि□बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## अजेय दुर्ग कुंभलगढ़ पर मोहर्रम के जुलूस का विरोध

### हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कुंभलगढ़ चौराहे पर पुरातत्व विभाग के खिलाफ लगाए नारे

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद स्थित अजेय दुर्ग कुंभलगढ़ में बिना केंद्र सरकार की स्वीकृति के मोहर्रम का जुलूस निकाले जाने का विरोध अब तेज हो गया है। कई वर्षों से चली आ रही इस मांग को लेकर पुरातत्व विभाग को भी सूचित किया गया। लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे परेशान सर्व हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को केलवाड़ा चौराहे पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना है की यूं तो पुरातत्व विभाग की किसी भी संपत्ति पर बिना स्वीकृति कील तक नहीं लगाई जा सकती। जबकि समुदाय विशेष के लोगों द्वारा परकोटे के अंदर कब्ज़ा किया जा रहा है और अब बिना स्वीकृति के मोहर्रम का जुलूस भी निकाला जाता है। लेकिन प्रशासन अथवा पुरातत्व विभाग द्वारा इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। जबकि कुंभलगढ़ मेवाड़ के गौरव महाराणा कुंभा की कर्मस्थली और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्मस्थली है। जिन्होंने जीवन भर देश भक्ति और अपने आत्म सम्मान के साथ समझौता नहीं किया। ऐसे महापुरुषों की वीर भूमि को मनमाने तरीके से कलंकित किया जा रहा है जिसका सर्व हिंदू समाज विरोध करता है। विरोध के चलते कल कुंभलगढ़ बंद को लेकर सभी संगठनों ने स्वेच्छा से बंद रखने का आश्वासन दिया है।



## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार केलवा महिला मंडल द्वारा साधारण सभा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** मुनि श्री मुनि सुब्रत कुमार जी ठाणा 3 के सानिध्य में नमस्कार महामंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। चुनाव अधिकारी श्रीमती बिंदिया जी सांखला ने सर्वसम्मति से सत्र 2025 से 2027 के लिए श्रीमती रत्ना कोठारी को अध्यक्ष घोषित किया। पूर्व अध्यक्ष श्रीमती नीरू कोठारी एवं पूर्व मंत्री श्रीमती भावना बोहरा ने माला एवं ऊपरना ओढ़ा कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया ।श्रीमती रत्ना कोठारी ने अपने कार्यकाल के लिए श्रीमती प्रिया कोठारी को मंत्री पद के लिए नियुक्त किया। सरक्षिका एवं परामर्शक श्रीमती चंदा देवी कोठारी एवं श्रीमती स्नेह लता जी बोहरा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं मंत्री को तिलक लगाकर स्वागत किया। अंत में मुनि श्री का मंगल पाठ श्रवण कर नव मनोनीत अध्यक्ष एवं मंत्री ने आशीर्वाद प्राप्त किया ।साधारण सभा में लगभग 70 बहनों की उपस्थित रही। सभी बहनों ने ओम अर्हम की ध्वनि से नए अध्यक्ष एवं मंत्री का स्वागत किया।



## भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मदन राठौर के जन्मदिन पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर पार्क मे लगाए पौधे ,गौशाला में गायों को खिलाया चारा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष और राजसभा सांसद माननीय मदन राठौर के जन्मदिन पर हिंडौन शहर मंडल में विभिन्न सेवा कार्य किए। मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंचे।मंडल महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया की भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिवस पर जिला अस्पताल के वार्डो में भर्ती मरीजों को फल बाटे और मरीजों से कुशल क्षेम पूछी। और भटी मरीजों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ।इसके बाद अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण किया। विवेकानंद पार्क में सभी कार्यकर्ताओं के साथ पार्क में साफ सफाई कर वृक्षारोपण किया ।इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं के साथ वाय पास रोड स्थित बांके बिहारी गौशाला में चारा वितरण कर गौ माताओं की सेवा की। और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर के सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की प्रार्थना कर मिठाई बाटी। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता,सम्पत कोली, अजय मित्तल,दिलीप गुप्ता, गोपाल गुर्जर,सतेंद्र चौधरी,ज्योति सहारिया ,विक्रम तोमर, केशू हरसाना, लज्जरानी, गिर्राज मित्तल, गुड्डू चौधरी, अल्लानूर खा, जुगल चतुर्वेदी रमन डागुर, चंदू कोली, आलोक देशवाल, लाडम सोलंकी, अमित पंजाबी, भूपेंद्र गुर्जर, सचिन बैंसला, सोंटू गोयल, हाकीम गुर्जर,गौरव चतुर्वेदी, पुष्पा धाकड़, युनुस, आमीन, कुणाल वाल्मीकि, राजीव सहारिया, मोहन सिनेमा, रमाकांत,आशीष, आदि मौजूद रहे।



## राह चलती महिलाओं से चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर (का.स.)।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलती महिलाओं से चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक महिला के गले से तोड़ी गई 25 ग्राम की एक सोने की चेन भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलती महिलाओं से चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले देवदत्त शर्मा (31) निवासी बयाना जिला भरतपुर हाल मुहाना और विजय सैन (25) निवासी मासलपुर जिला करौली हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित देवदत्त शर्मा नशे करने का आदि है एवं विजय सेन को उधारी के रुपये चुकाने के लिए रुपयों की आवश्यकता थी। दोनों बदमाशों ने रुपयों की आवश्यकता एवं नशे की पूर्ति के लिए प्लान बनाया और कई दिनो से प्रताप नगर,जगतपुरा, जवाहर सर्किल, मॉडल टाउन, मालवीय नगर में रैकी कर रहे थे। दोनों बदमाश मौका मिलने पर वृद्ध एवं असहाय महिलाओं के गले से सोने की चेन तोड़ने की फिराक मे थे और मौका पाकर प्रकरण की वारदात को अंजाम दिया। दोनों बदमाश चोरी की चैन को बेचकर रुपये आपस में बांट लेते व अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर लेते। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# नीरजा मोदी स्कूल के बच्चों ने मनाली ट्रिप में उठाया शैक्षिक परिभ्रमण का आनंद

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** नीरजा मोदी स्कूल की ओर से विद्यालय छात्रों को शैक्षिक परिभ्रमण पर ले गये कुल्लू मनाली ट्रिप का पूरा आनन्द लिया। इस परिभ्रमण में लगभग 35 छात्रों ने भाग लिया। सभी बच्चे खजुराहो एक्सप्रेस द्वारा जयपुर रवाना हुए और वहां से वंदे भारत एक्सप्रेस के माध्यम से चंडीगढ़ प्रस्थान किया। सभी बच्चे इस शैक्षिक यात्रा को लेकर बड़े ही उत्साहित थे।

चंडीगढ़ से मनाली तक का सफर वातानुकूलित बस द्वारा तय किया गया। सभी मनाली पहुंचे और विश्राम किया ताकि अगले दिन तरोताजा होकर भ्रमण कर सके। अगले दिन बच्चों ने जिपलाइन , ट्रैकिंग, डी जे पार्टी अनेक गतिविधियों का आनंद उठाया । इसके अतिरिक्त बच्चों ने हिडिंबा टेंपल ,वॉटरफॉल,माल रोड,रोहतांग पास, अटल टनल आदि कई स्थानों पर भ्रमण किया जो रोमांचित कर देने वाला था। सभी बच्चों के चेहरे पर एक उन्मुक्त मुस्कान थी जो बता रही थी कि इन प्राकृतिक नजारों ने उनके मन को छू लिया है। इसके अतिरिक्त बच्चों ने कुल्लू माता मंदिर और हिडिंबा मंदिर जैसे भव्य मंदिरों में दर्शन का लाभ भी उठाया। इस प्रकार यह पूरी यात्रा बच्चों के लिए सीखने का अवसर देने वाली सफल शैक्षिक यात्रा रही। अंत में मनाली से चंडीगढ़ तथा चंडीगढ़ से अजमेर होते हुएयह शैक्षिक परिभ्रमण दल अपनी यात्रा पूरी करके सुखद अनुभव के साथ पुनः सकुशल उदयपुर पहुंचा।



स्कूल के चैयरमेन डॉ महेंद्र सोजतिया ने सभी बच्चों को सफल शैक्षिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी और बताया कि स्कूल ट्रिप बच्चों के लिए एक मूल्यवान अनुभव है जो उनके शैक्षणिक और सामाजिक विकास में योगदान करती है। इसके अतिरिक्त बच्चे अपने देश की संस्कृति और ऐतिहासिक स्थलों तथा प्राकृतिक सुंदरता के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं और नए अनुभव से सीखते हैं।

निदेशिका साक्षी सोजतिया ने भी इस यात्रा से लौटने वाले पूरे शैक्षिक दल का अभिनंदन किया और बच्चों को संबोधित कर कहा कि स्कूल द्रिप बच्चों को नई चीजों को आजमाने का अवसर प्रदान करती है जो उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। इसके इसके अलावा समूह में अपने साथियों व शिक्षक गणों के साथ रहने से उनमें अनुशासन एवं सामाजिक कौशल का विकास होता है।

# सीए एवं चिकित्सक सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** लायन्स क्लब हिरण मगरी, लायन्स क्लब नीलांजना एवं लायन्स क्लब युवा शक्ति द्वारा महाश्रमण सभागार में डॉक्टर्स एवं सीए डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं सीए का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन अरविन्द शर्मा थे। जिन्हांने लायन्स क्लब की विभिन्न सेवा गतिविधियों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि लायन्स क्लब विभिन्न उपक्रमों के माध्यमों से समाज सेवा के नये सोपानों को तय कर रहा है। लायन्स क्लब युवा शक्ति अध्यक्ष डॉ. अनुज भटनागर ने डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के इतिहास को बताते हुए वर्तमान वर्ष में इन दिवसों से जुड़े हुए थीम के बारें में जानकारी दी।



कार्यक्रम में डॉ. सोनल सोलंकी, डॉ शिव शर्मा, डॉ. प्रकाश जैन, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. दीक्षा शर्मा, डॉ संगीता सेन, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. मिशा योगी, डॉ. आनन्दी लाल शर्मा, डॉ भगराज चौधरी, डॉ. रिनी सुखवाल, डॉ. हारुन रशीद, डॉ. रिचा कुम्भट, डॉ. अर्चना बामनिया, डॉ. आर.के. दसेवाल, डॉ. शीतल कौशिक, डॉ. आभा पाटनी, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. शिल्पा गोयल, डॉ. लोकेश जैन एवं सीए पंकज जैन, अंशुल मोगरा, रोहन मिम्तल, भरत टांक, अक्षय जैन, दिलीप कोठारी, दर्शन दोशी, मनीष चौधरी एवं रवि मादरेचा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हरीश आचार्य, प्रणिता तलेसरा, अभिषेक शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेखा जैन द्वारा किया गया। धन्यवाद प्रभाकर शुक्ला द्वारा ज्ञापित किया गया।

# रोटरी क्लब उदयपुर ने किये 45 सीए व चिकित्सक सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा रोटरी बजाज भवन में आयोजित सीए व डॉक्टर्स सम्मान समारोह में शहर के जानें मानें 45 चार्टर्ड अकाउन्टेनट व चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।

क्लब अध्यक्ष दीपक मेहता ने बताया कि समारोह में शहर के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट सीए निर्मल सिंघवी,सीए निर्मल कुणावत,सीए निर्मल कुमार सोनी,सीए डी.सी. अग्रवाल,सीए पुनित बाबेल,सीए अंशुल मोगरा, सीए आर.सी. गर्ग,सीए मेघा सेठ,सीए पवन तलेसरा,सीए सुधीर मेहता,सीए देवेन्द्र सोमानी,सीए गरिमा बाबेल,सीए संगीता बोर्डिया,सीए सतीश चंद्र जैन,सीए वनिता सिंघवी,सीए राजेंद्र कुमार अग्रवाल,सीए प्रकाश धनावत,,सीए निर्मल धाकड़,सीए आशीष कोठारी,सीए दिनेश श्रीमाली,सीए राजन बया,सीए जयेश पारख, सीए सिद्धार्थ सिंघवी को उपरना ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



प्रोग्राम कमेटी चेयरमैन सीए निर्मल सिंघवी ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. ए.के. गुप्ता,डॉ.एच.एल. खमेसरा,डॉ.ए.पी. गुप्ता,डॉ. जे.सी. देवपुरा,डॉ दीपक शर्मा,डॉ.डी. सी. शर्मा,डॉ. मुकेश बड़जातिया,डॉ.ओ.पी.मीना,डॉ. शैलेन्द्र हिरन,डॉ. रेनू खमेसरा,डॉ.संगीता गोयल,डॉ. स्वप्निल सलूजा,डॉ. संजय मेहता,डॉ.अंकित शर्मा,डॉ.मंजीत गंभीर,डॉ.आशीष सिंघल,डॉ. लता मेहता,डॉ. अनिल कोठारी,डॉ.कार्तिकेय कोठारी,डॉ.अनुराग तलेसरा,डॉ पारुल सोमानी तथा डॉ.सुमित देव को उपरना ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीए व चिकित्सकों की सेवाओं को सराहा गया।

# शिविर में पूरी हुई वर्षों पुरानी आस, दिनेशनाथ को मिला पुश्तैनी मकान का पट्टा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार ग्रामीणों की समस्याओं को उनके गांवों में ही सुलझाने के संकल्प के साथ 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025' का संचालन कर रही है। इस जनकल्याणकारी अभियान के माध्यम से अब तक हजारों परिवारों को राहत दी जा चुकी है और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा रहा है। शिविरों में समस्याएं मौके पर ही सुनी और तत्काल निस्तारित की जा रही हैं, जिससे आमजन को समय पर मदद और त्वरित समाधान प्राप्त हो रहा है। यह पहल सरकार की संवेदनशील और जनहितकारी सोच को साकार रूप दे रही है।

ग्राम पंचायत खाखरमाला के आसन कोटेश्वरी ग्राम निवासी दिनेशनाथ पिता शम्भुनाथ को अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे की लंबे समय से आवश्यकता थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर के दौरान, स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रॉपर्टी पार्सल वितरण के समय उनका पट्टा मौके पर तैयार कर उन्हें आवास का पट्टा जारी कर दिया गया।



शिविर में उपखंड अधिकारी द्वारा दिनेशनाथ को पट्टा सौंपा गया। पट्टा प्राप्त कर दिनेशनाथ बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने राज्य सरकार एवं प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से वर्षों पुरानी उनकी समस्या का तुरंत समाधान हो गया, जिसके लिए वे सरकार के प्रति कृतज्ञ हैं।

उन्होंने कहा कि वर्षों से वे अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे के लिए प्रयासरत थे, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज इस शिविर के माध्यम से जो सहूलियत मिली है, वह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। दिनेशनाथ ने राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना वास्तव में गरीब और वंचित लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह शिविर आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया है और सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस जनकल्याणकारी अभियान के लिए वे तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## जमीअत उलमा ए हिंद,शहर वक़्फ़ कमेटी व मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने छायादार 11 पौधे लगाए



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** बयाना रोड चुंगी के पास मदरसा सआदते दारेन में बुधवार को मुस्लिम संगठनो ने ग्रीन हिंडौन मिशन के तहत पौधारोपण किया जमीअत उलमा ए हिंद,शहर वक़्फ़ कमेटी व मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने छायादार 11 पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम की खास बात यह रहेगी मदरसे की बालिकाओं ने पौधारोपण करके समाज को पर्यावरण संरक्षण का पैगाम दिया ।इस अवसर पर जमीयत उलमा ए हिंद के तहसील सदर हाफिज बाबुद्दीन ने कहा कि मिशन ग्रीन हिंडौन से क्षेत्र के लोगों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और ये अभियान लगातार जारी रहेगा ।इस अवसर पर मदरसे के डायरेक्टर मुफ्ती सद्दाम हुसैन,पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, सदर बब्बू शाह,सलीम फौजी,सोनूहाड़ोली,मुफीद खान,इस्लाम फौजी,शकूर भाई,रफीक चौधरी,कारी हारून,हाफिज रफीक,जाकिर भाई सिकरौदा, बल्लू भाई सहित मदरसे के छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब दृष्टि ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। रोटरी क्लब दृष्टि ने डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में शहर के 10 चिकित्सकों को उनके द्वारा समाज को दी जा रही सेवाओं को लेकर सम्मानित किया। क्लब की संरक्षिका डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. नितिन कौशिक,डॉ. शीतल कौशिक,डॉ. अमित खण्डेलवाल,डॉ. मनीष कुलश्रेष्ठ सहित 10 चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में कविता बलदवा, विजय लक्ष्मी गलूंडिया, रतन पामेचा, वीणा सनाढ्य, प्रियंका कोठारी, उर्मिला जैन, संगीता देथा, पायल जैन, पुष्पा कोठारी आदि मौजूद रहे।

## चोकलेटी परिधानों में सज-धज कर महिलाओं ने दी प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** नव्या माहेश्वरी क्लब द्वारा सदस्याओं के लिये चोकलेटी थीम पर आयोजित कार्यक्रम में चारों ओर चोकलेटी रंगों की बहार दिखाई दी। क्लब अध्यक्ष किरण अजमेरा ने बताया कि क्लब की सभी महिलायें विविध रंगों की चोकलेटी परिधानों में सज-धज कर कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में चोकलेट एक्लियर्स ग्रुप प्रथम रहा। जिसमें स्वाति लढ़ा,रंजना बाल्दी,निशा पोरवाल,उमा माहेश्वरी,पूर्णा सोमानी,आयुषी पलोड़ विजयी रही। चोकलेटी गानें एंव डांस के माहौल में सभी ने मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभा काबरा,रेखा मोदी,अनीता मूंदड़ा,चेताली मूंदड़ा एवं प्रिया गुप्ता ने किया। इस अवयर पर रेणु समदानी,चन्दा पलोड,चित्रा लढा,रेखा असावा,पलक,निधि सहित अनेक सदस्याएं मौजूद थी।

## भौमिया बाबा मंदिर में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा कस्बे के वार्ड नम्बर 01 ढाणी बागडाला में स्थित भौमिया बाबा मंदिर में एक दिवसीय भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और भौमिया बाबा की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर को भव्य रूप से संजाया गया था। मंदिर के परिसर में रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों की सजावट की गई थी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। दोपहर में पंगत प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम संयोजक घनश्याम हलवाई ने बताया कि इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भौमिया बाबा के धोक लगाकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और पंगत प्रसाद का लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करना है। इस दौरान पूर्व पंच राजेन्द्र स्वामी, ओमप्रकाश सैनी, पुरण भगत, कालूराम सैनी, राजकुमार सैनी, रामजीलाल, मोहन लाल, कमलेश सैनी समेत अन्य वरिष्ठजन मौजूद रहे। सभी ने भौमिया बाबा की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## कांग्रेस नेता सुदर्शन सिंह रावत का आक्रोश,भीम विधायक हरि सिंह रावत के लापता होने का दिया बयान,

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** इन दिनों राजसमंद के भीम देवगढ़ के पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता सुदर्शन सिंह रावत का एक बयान सोशल मीडिया में जोरदार वायरल हो रहा है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में रावत ने भीम देवगढ़ विधायक के लापता होने का बयान दिया। इसके साथ ही विधायक लापता प्रसंग को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाने का भी ऐलान किया है। राजनीतिक होड के चलते विधायक पर ऐसा आप भाजपा नेताओं को गले नहीं उतर पा रहा।भीम विधानसभा क्षेत्र के हालातों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश जताया है। इसी क्रम में कांग्रेस के पूर्व विधायक श्री सुदर्शन सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और क्षेत्र की दुर्दशा को लेकर वर्तमान विधायक हरि सिंह रावत की निष्क्रियता व अनुपस्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा की पूरा क्षेत्र समस्याओं से जूझ रहा है। लेकिन विधायक जी का न कोई अता-पता है। न कोई संवाद, न ही कोई जनसुनवाई। लगता है विधायक लापता हो गए हैं।इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक लापता हैं शीर्षक से पोस्टर छपवाकर गांव-गांव में अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

# जेडीसी ने निकाली जेडीए की तीन आवासीय योजनाओं की लॉटरी, आमजन को मिला अपनें सपनों का भूखण्ड

बढ़ता राजस्थान



जयपुर,(का.स.)। राजस्थान सरकार द्वारा आमजन को सशक्त आवासीय अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जयपुर विकास प्राधिकरण की तीन प्रमुख आवासीय योजना - गंगा विहार, यमुना विहार एवं सरस्वती विहार आवासीय योजनाओं की लॉटरी बुधवार, 02 जुलाई को जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी द्वारा निकाली गई।

जेडीसी ने कहा माननीय मंत्री महोदय ने विधानसभा में आश्वासन दिया था कि जेडीए इसी वर्ष में 7 आवासीय योजनाएं विकसित करेगा और लॉटरी से आवंटन करेगा। बुधवार को निकाली गई तीन आवासीय योजनाओं एंव पूर्व की तीन आवासीय योजनाओं सहित कुल 6 योजनाऐं लांच की जा चुकी है और शेष एक योजना भी शीघ्र लांच की जायेगी। जेडीए रीजन का विस्तार होना है, जिसके पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री महोदय की अनुमति से नई योजनाएं विस्तार किये गये रीजन में लाई जायेंगी।

जेडीए का प्रयास रहा है कि काफी वर्षो बाद पुनः योजनाएं लांच कर लॉटरी से भूखण्डों का आवंटन किया जा रहा है। राजस्थान सरकार की मंशा है कि उचित दरों पर आमजन को अपना आशियाना बनाने हेतु भूखण्ड मिल सके। इस मंशा को पूरा करने हेतु जेडीए लगातार प्रयासरत है।

जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि जेडीए द्वारा कुल 765 भूखण्डों के आनलाईन आवेदन 16 जून, 2025 तक आमंत्रित किए गये थे। तीन आवासीय योजनाओं - गंगा विहार, यमुना विहार एवं सरस्वती विहार में पृथक-पृथक श्रेणियों के 765 भूखण्डों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। यह योजनाएं गरीब एवं मध्यम वर्ग के आवास का सपना साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

उन्होंने बताया कि माननीय नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा 12 मई, 2025 को जेडीए परिसर में शुभारम्भ किया गया था। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कुशल नेतृत्व में गरीब एवं मध्यम वर्ग के आवास का सपना साकार करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर में प्रमुख लोकेषनों पर तीन आवासीय योजनाओं - गंगा विहार, यमुना विहार एवं सरस्वती विहार सृजित की गई थी।

जेडीसी ने बताया कि सफल आवंटियो द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो की जांच जोन स्तर पर करवाई जाकर नागरिक सेवा केन्द्र में सरस्वती विहार योजना (जोन-12) का कैम्प दिनांक 15 व 16 जुलाई, 2025, गंगा विहार योजना (जोन-13) का कैम्प दिनांक 17 व 18 जुलाई, 2025 एवं यमुना विहार योजना (जोन-14) का कैम्प दिनांक 21 व 22 जुलाई, 2025 को आयोजित कर आवंटन सह मांग पत्र जारी किये जायेंगे।

गंगा विहार आवासीय योजना जोन-13 के ग्राम बस्सी के खसरा नं. 1629, 1930 व 1931 पर जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग से 2.50 किलोमीटर की दूरी पर कृषि अनाज मण्डी बस्सी के पीछे, बस्सी रेलवे स्टेशन के समीपस्थ स्थित है एवं योजना में 30.00 मीटर चौडी सडक से पहुँच मार्ग उपलब्ध होता है। योजना में कुल 233 भूखण्ड है। उक्त योजना में 45 वर्गमीटर से 120 वर्गमीटर तक के भूखण्ड उपलब्ध है। 45 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 131, 45 व.मी. से अधिक 75 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 36 एवं 75 व.मी. से अधिक 120 वर्ग मीटर तक के भूखण्डो की संख्या 66 है। योजना की आरक्षित दर रुपये 14,000/- प्रति व.मी. है। योजना में 24 हजार आवेदन प्राप्त हुए।

यमुना विहार आवासीय योजना जोन-14 के ग्राम काठावाला तहसील-चाकसू के खसरा 23,25,26,37,38, 74,122,126 व 127 एवं ग्राम झुझारपुरा तहसील-चाकसू के खसरा 13,29,30,30/186, 31,68,70,87,88 एवं 89 पर जयपुर से चाकसू जाने वाली 90 मीटर टोंक रोड पर व जयपुर एयरपोर्ट से लगभग 39 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। योजना में कुल 232 भूखण्ड है। उक्त योजना में 45 वर्गमीटर से 220 वर्गमीटर तक के भूखण्ड उपलब्ध है। 45 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 43, 45 व.मी. से अधिक 75 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 66, 75 व.मी. से अधिक 120 वर्ग मीटर तक के भूखण्डो की संख्या 74, 120 व.मी. से अधिक 220 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 11 एवं 220 वर्ग मीटर से अधिक के भूखण्डो की संख्या 38 है। योजना की आरक्षित दर रुपये 15,500/- प्रति व.मी. है। योजना में 19 हजार आवेदन प्राप्त हुए।

इस अवसर पर जयपुर विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बिना दस्तावेजों के क्लिनिक चला रहे झोलाछाप डॉक्टर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मारा छापा

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** क्षेत्र में बिना वैद्य लाईसेंस एवं आवश्यक दस्तावेजों के एलौपेथी चिकित्सा की प्रैक्टिस कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों की अब खैर नहीं है। उल्लेखनीय है कि आये दिन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा मरीजों को गलत उपचार दिये जाने के समाचार सामने आते रहते है। जिसके चलते मरीजों की हालत बिगड़ जाती है। कुछ मामलों में तो जान पर भी बन आती है। लेकिन किसी कार्यवाही के अभाव में ऐसे तत्व कानून के षिकंजे से बच निकलते हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्ध कार्यवाही शुरू की है। इसी क्रम में विभाग की टीम ने कस्बे में बिना लाईसेंस के प्रैक्टिस कर रहे एक झोलाछाप चिकित्सक की क्लिनिक पर छापा मारा। जिसके बाद उसके विरूद्ध स्थानीय थाने में मामला भी दर्ज करवाया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के मौहल्ला सराय स्थित राजकीय सरदार जनाना अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने दर्ज करवाया कि सीएमएचओ डॉ. आषीष सिंह शेखावत के निर्देष पर टीम का गठन किया गया। जिसमें बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर, तहसीलदार रामधन गुर्जर, डीसीओ मुकेष चौधरी, स्थानीय थाने के हैड कानि. राजेन्द्र सिंह व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप पंवार कस्बा स्थित राठौड़ पार्क के नजदीक प्रिंस प्लाजा पहुंचे। जहां जगत क्लिनिक के नाम से एक क्लिनिक का संचालन हो रहा था। जहां एक व्यक्ति कुर्सी पर बैठा हुआ था एवं ड्रिप लगाकर तीन मरीज बैड पर लेटे हुये थे। टीम द्वारा पुछने पर उक्त व्यक्ति ने अपना परिचय जगत सिंह (51) पुत्र हुकुम सिंह शेखावत निवासी श्याम मंदिर के पास, कोटपूतली के रूप में दिया। उक्त व्यक्ति से क्लिनिक के संचालन के रूप में पंजीयन के बारे में पुछा गया तो उसने पंजीयन होना नहीं बताया। क्लिनिक में भर्ती तीन मरीजों के ड्रिप लगी हुई थी। जिनका उपचार उक्त व्यक्ति जगत सिंह द्वारा आधुनिक एलौपेथी प्रक्रिया से किया जा रहा था। टीम ने उक्त व्यक्ति जगत सिंह से एलौपेथी चिकित्सा के सम्बंध में आवष्यक औषधि संग्रहण की जानकारी चाही तो किसी भी विभाग द्वारा जारी वैद्य दस्तावेज एवं प्रैक्टिस हेतु वैद्य प्रमाण पत्र अथवा राजस्थान मेडीकल काउंसिल की आरएमसी डिग्री समेत किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर से टीम ने बड़ी मात्रा में एलौपेथी चिकित्सा के यंत्र, दवाई, क्रिम, इंजेक्षन, ड्रिप, केन्युला आदि मेडीसिन किट भी बरामद किये। टीम ने सभी सामान को जप्त करते हुये मौके की विडियोग्राफी करवाते हुये स्थानीय पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है।

# निःशुल्क आयुर्वेदिक एवं हौम्योपैथिक चिकित्सा शिविर 08 जुलाई को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के कृष्णा टॉकिज के पास स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में स्व. मदन लाल गुप्ता की स्मृति में उनके 74 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आगामी 08 जुलाई को प्रातः 09 से सायं 04 बजे तक निःशुल्क आयुर्वेदिक एवं हौम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। नवीन गुप्ता ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. मदनलाल शर्मा व वरिष्ठ हौम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. नेहा गुप्ता जिला अस्पताल बहरोड़ एवं अन्य अनुभवी हौम्योपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सकों की सेवायें उपलब्ध रहेगी।

# भाजपा नेता शाह नवाज़ अंसारी बने नागल मंडल उपाध्यक्ष

## विद्याधर नगर विधानसभा में संगठन ने दी नई जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भाजपा संगठन ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में सांगठनिक मजबूती के तहत अहम नियुक्ति की है। नागल मंडल अध्यक्ष विनोद सैनी ने भाजपा नेता और पूर्व पार्षद प्रत्याशी शाह नवाज़ अंसारी को नागल मंडल उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर अंसारी ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा जयपुर जिला अध्यक्ष अमित गोयल और मंडल अध्यक्ष विनोद सैनी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। शाह नवाज़ अंसारी को क्षेत्र में सक्रिय और जमीनी नेता के रूप में जाना जाता है। उनकी नियुक्ति को आगामी स्थानीय चुनावों के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# कोटा मे तनाव मे आये छात्र ने किया सुसाइड

## कहा नीचे दादी बुला रही,जब मां वापस उपर आई तब तक फंदे पर झूल गया,चाचा ने बताया तनाव में था।

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा शहर के दादाबाड़ी थाना क्षेत्र इलाके में (18) साल के लड़के ने पंखे से फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया। काफी देर तक गेट नहीं खोलने पर परिजनों ने खिड़की से देखा तो फंदे से लटका मिला। दरवाजा तोड़कर युवक को उतारकर एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गए। ड्यूटी डॉक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में शिफ्ट करवाया गया। युवक गौरव ददलानी था। उसके चाचा मनोज ने बताया-भतीजा गौरव अपनी मां और दादी की तबीयत खराब होने के कारण तनाव में था। वह सोमवार शाम 7 बजे दुकान से घर आया था। फर्स्ट फ्लोर पर मां से कहा कि नीचे दादी बुला रही है। मां के नीचे जाने के बाद कमरे का गेट बंद कर पंखे से फांसी लगा ली। दुकान से पिता रात साढ़े 8 बजे आए। ऊपर जाकर कमरा खटखटाया लेकिन उसने नहीं खोला। खिड़की से देखा तो फंदे से लटका मिला। दरवाजा तोड़कर तुरंत हॉस्पिटल लेकर गए लेकिन जान नहीं बच पाई।



# अवैध देशी कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** सोडाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आपसी कहासुनी में हुई रंजिश को लेकर अवैध देशी कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से देशी कट्टा,खाली कारतूस सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनन्द ने बताया कि 28 जून को लक्ष्मी नगर राकडी सोडाला जयपुर के रहने वाले पीड़ित हितेन्द्र सिंह और उसके पिता रघुवीर सिंह से हुई आपसी कहासुनी और गाली गलौच को लेकर उन पर अवैध देशी कट्टे से फायर कर जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला करने वाले गौरव मेहरा उर्फ गौरव कश्यप निवासी रांकडी सोडाला जयपुर और हनी जंडेल निवासी खातीपुरा रोड पंचवटी कॉलोनी सोडाला जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से देशी कट्टा,खाली कारतूस सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच अवैध हथियार की खरीद—फरोख्त के बारे में जानकारी कर रही है।

# मिस कैटेगरी में जयंती रॉय और मिसेज में चारपसी लूप ने जीता विनिंग टाइटल

## नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट मिस एंड मिसेज टॉप मॉडल इंडिया का हुआ भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। राजधानी जयपुर में एम एम टी मॉडल की ओर से एवं आलमीन स्टूडियो के सहयोग से नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट मिस एंड मिसेज टॉप मॉडल इंडिया 2025 का आयोजन किया गया। ब्यूटी पेजेंट थीम पर आयोजित हुए इस फैशन इवेंट में मिस एवं मिसेज कैटेगरी की फीमेल मॉडल्स ने अपने हुनर और स्टाइल से सबका दिल जीता।

आयोजक अशफाक शाह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य था देशभर की युवा और विवाहित महिलाओं को एक ऐसा मंच देना जहाँ वे आत्मविश्वास, प्रतिभा और खूबसूरती के साथ अपनी पहचान बना सकें। इस प्रेजेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों जैसे बेंगलुरु, अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, झांसी (उत्तर प्रदेश), जयपुर, भिवाड़ी, अजमेर और कोलकाता से मॉडल्स ने हिस्सा लिया और मंच पर अपने टैलेंट का प्रदर्शन किया।

इस फैशन इवेंट में फैशन कोरियोग्राफी की जिम्मेदारी रश्मि युकी द्वारा की गई वहीं प्रतिभागियों के ग्लैमरस लुक के लिए मेकअप का जिम्मा ला लाइमलाइट यूनिसेक्स सैलून की कोशिकी कुमार ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम की होस्ट खुशी सिंघल रहीं, जिन्होंने अपनी शानदार एंकरिंग से समा बांध दिया।

इस प्रतियोगिता के ज्यूरी पैनल में बरखा शाह, डॉ. कल्पना रावत और शहजाद अली मौजूद रहे, उन्होंने निष्पक्षता के साथ प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में बतौर स्पेशल गेस्ट अमित सक्सेना, रूपेश जौहरी, हेमकांत सिंह और अंकित यादव ने शिरकत की।

# उधार दिए माल के रुपए के बदले मिल रही धमकियों से परेशान व्यवसायी ने जहर खाकर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** श्याम नगर थाना इलाके में व्यवसायी द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि व्यवसायी जहर खाने से पहले वीडियो बनाकर अपने दोस्त को भेजा। वीडियो में उधार दिए माल के रुपए के बदले मिल रही धमकियों से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही। पुलिस ने सवाई मानसिंह अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जांच अधिकारी एसआई धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि वैशाली के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी मनमोहन (54) पुत्र गोपाल तोषनीवाल ने जहर खाकर आत्महत्या की है। जिसकी चांदपोल बाजार के मिश्रा राजाजी के रास्ते स्थित अग्रवाल मार्केट में संदीप एजेंसी के नाम से फर्म है। जो पिछले करीब बीस साल से चाय पत्ती का बिजनेस कर रहे थे। जानकारी में सामने आया कि पिछले कई सालों से चौधरी टी ट्रेडर्स के ऑनर नाथूराम चौधरी उधार माल ले रहे थे। जहां नाथूराम चौधरी ने करीब 10-11 लाख रुपए का माल व्यवसायी मनमोहन ने उधार लेकर रकम नहीं चुकाई थी। पिछले कई महीने से उधार दिए माल के रुपए नहीं मिलने पर व्यवसायी मनमोहन परेशान चल रहे था। नाथूराम चौधरी और उसके बेटे से उधारी मांगने पर जान से मारने की धमकियां देने लगे। अवसाद में आने पर व्यवसायी मनमोहन ने परिवार के पूछने पर नाथूराम के उधारी के रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी और उल्टा सीधा जवाब देने के बारे में बताया था। जिसके चलते व्यवसायी मनमोहन अपनी कार से श्याम नगर के विशिष्ट मार्ग पर स्थित नाथूराम के घर आया। उधारी मांगने पर दोनों आरोपी बाप-बेटे ने व्यवसायी मनमोहन को धमकी दी। रुपए देने से मना कर जान से मारने की व्यवसायी मनमोहन को धमकी दी गई। जहां रात को नाथूराम के घर के बाहर कार में बैठकर आत्महत्या करने के लिए मनमोहन ने जहर खा लिया।

# मिलने के बहाने बुलाकर बाप-बेटे ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मुरलीपुरा थाना इलाके में बाप-बेटे ने मिलने के बहाने बुला कर एक विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि इस दौरान अरोपितों ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर देहशोषण किया। इस संबंध में थाने में पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा की रहने वाली 29 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात उसकी मुलाकात आरोपितो से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने मिलना-जुलना शुरू कर दिया।


**Executive Engineer Water Resources Division Tonk**

Fill No.1342 Fsyr : 26-6-2025

**Notice Inviting Bid (Short Term NIT5/2025-26)**

Bids for 5 nos works under M&R invited from interested bidders from 27.6.2025 to dated 03.07.2025 upto 06.00 PM Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:/sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement in Total Rs. 23.77 Lacs.

UBN No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.<br>2. | WRD2526WSOB00569<br>WRD2526WSOB00570 | 3.<br>4. | WRD2526WSOB00572<br>WRD2526WSOB00573 | 5. | WRD2526WSOB00574 |

NIB Code - WRD2526A0202

**(Niranjan Lal Meena)**
**Executive Engineer**
**Water Resouces Divison Tonk**



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधान नहर खण्ड प्रथम बीसलपुर परियोजना, टोंक

क्रमांकः अ.अ./तक/2024-25/ दिनांकः

**भूमि आवाप्ति हेतु धारा-11 व 12 के प्रस्ताव**

केन्द्रीय भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 एवं राजस्थान भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2016 के तहत भूमि आवाप्ति की धारा 11 एवं 12 के प्रस्ताव।
बीसलपुर परियोजना की दायी मुख्य नहर की आर.डी.19-300 किमी से 23.00 किमी के ग्राम दूनी तहसली दूनी जिला टोंक सेष रही भूमि (खसरा नं. 2488 कुल रकबा 0.77 हैक्टेयर एवं अवाप्त की जाने वाली भूमि का रकबा 0.03 हैक्टेयर) के नहर निर्माण से प्रभावित होने वाले भूमि के व्यक्तियों/कृषको/भूमि धारकों की सूची।

| क्र. सं. | खातेदार का नाम | किस्म भूमि | खसरा नं. | कुल रकबा है. | अवाप्त किये, जाने वाला रकबा है. | भूमि अवाप्ति अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. कमला पुत्री हिस्सा 1/2 जाति माली सा. देह खातेदारी | वारानी प्रथम | 2488 | 0.77 है. | 0.03 | श्री मान अति. कलेक्टर (पुनर्वास एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी बीसलपुर परियोजना देवली |
| 2. | 2. कर्मा पुत्री गोपाल हिस्सा 1/10 जाति माली सा. देह खातेदार | | | | | |
| 3. | 3. गणेश पुत्र गोपाल हिस्सा 1/10 जाति माली सा. देह खातेदार | | | | | |
| 4. | 4. छोटी पुत्री गोपाल हिस्सा 1/10 माली सा. देह खातेदार | | | | | |
| 5. | 5. नन्दकिशोर पुत्र गोपाल हिस्सा 1/10 जाति माली सा. देह खातेदार | | | | | |
| 6. | 6. रसाल देवी पत्नी गोपाल हिस्सा 1/10 जाति माली सा. देह खातेदार | | | | | |
| | | | योग | 077 | 0.33 | |

**(साक्षी यादव)**
**सहायक अभियन्ता**
**नहर उपखण्ड चतुर्थ**
**बीसलपुर परियोजना, टोंक**

**(पंकज कुमार खजौतिया)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**नहर खण्ज प्रथम**
**बीसलपुर परियोजना, टोंक**

**(प्रहलाद राय खोईवाल)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**बांध वृत्त, बीसलपुर**
**परियोजना**
**देवली**

## सम्पादकीय

# मध्यमवर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

बैंकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैंकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं।

बैंकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैंकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 3 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 987 ह्यूग कैपेट को कुलीन वर्ग द्वारा चुने जाने के बाद पेरिस में फ्रांस के राजा के रूप में राज्याभिषेक किया गया।
- 1090 हेगेनुर्डे की लड़ाई- जर्मन सम्राट ने अर्ल एगबर्ट द्वितीय को हराया।
- 1250 फ्रांस के लुई द्वत्र् को सातवें धर्मयुद्ध के दौरान फारिसकुर की लड़ाई में मामलुक सेना द्वारा पकड़ लिया गया।
- 1428 बावेरिया के जैकलीन और बरगंडी के फिलिप द गुड के बीच डेल्फ़्ट की संधि पर हस्ताक्षर, हॉलैंड काउंटी में हुक और कॉड युद्ध समाप्त हुआ।
- 1608 फ्रांसीसी खोजकर्ता सैमुअल डी चमपैन ने क्यूबेक सिटी की स्थापना की।
- 1630 सम्राट फर्डिनेंड द्वितीय ने जर्मन संसद का उद्घाटन किया।
- 1661 पुर्तगाल ने बॉम्बे और तंजौर को इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वितीय को सौंप दिया।
- 1720 स्वीडन और डेनमार्क ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1754 जॉर्ज वॉशिंगटन ने फ्रांसीसियों के सामने फोर्ट नेसेसिटी में आत्मसमर्पण किया।
- 1767 नॉर्वे का सबसे पुराना अखबार, एड्रेसेविसेन, स्थापित हुआ।
- 1767 रॉबर्ट पिटकेर्न ने पिटकेर्न द्वीप की खोज की।
- 1775 जॉर्ज वॉशिंगटन ने कॉन्टिनेंटल आर्मी की कमान संभाली।
- 1778 प्रशिया ने ऑस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1806 माइकल कीन्स ने बड़े पैमाने पर उगाई गई स्ट्रॉबेरी प्रदर्शित की।
- 1814 अमेरिकियों ने फोर्ट एरी, कनाडा पर कब्जा किया।
- 1819 अमेरिका में पहला बचत बैंक, न्यूयॉर्क सिटी में बैंक ऑफ सेविंग्स, खुला।
- 1839 लेक्सिंगटन, मैसाचुसेट्स में पहला राजकीय सामान्य विद्यालय खुला।
- 1841 जॉन काउच एडम्स ने यूरेनस की गति के आधार पर एक अज्ञात ग्रह की स्थिति निर्धारित करने का निर्णय लिया।
- 1844 ग्रेट ऑक्स का अंतिम जोड़ा मारा गया।
- 1845 जीन यूजीन रॉबर्ट-हुडिन ने पेरिस में जादू थिएटर खोला।
- 1848 डेनिश वेस्ट इंडीज में गुलामों को मुक्त किया गया।
- 1849 पोप पायस द्वत्र् को सत्ता में बहाल करने के लिए फ्रांसीसी रोम में प्रवेश करते हैं।
- 1852 कांग्रेस ने सैन फ्रांसिस्को में अमेरिका की दूसरी टकसाल को अधिकृत किया।
- 1861 मार्टिंसबर्ग, वर्जीनिया में संघीय सेनाएं पीछे हटीं।
- 1861 पोनी एक्सप्रेस न्यूयॉर्क से पत्र लेकर सैन फ्रांसिस्को पहुंची।
- 1863 गेटीसबर्ग की लड़ाई, अमेरिकी गृह युद्ध में संघ की बड़ी जीत के साथ समाप्त हुई।
- 1863 क्यूरियर और आइव्स द्वारा गेटीसबर्ग की लड़ाई का लिथोग्राफ प्रकाशित।
- 1864 चट्टाहूची नदी की लड़ाई, जॉर्जिया शुरू हुई।
- 1864 हार्पर्स फेरी, वेस्ट वर्जीनिया में संघीय सेना ने स्थान खाली किया।
- 1876 मोंटेनेग्रो ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1883 एसएस डेफ्ने स्कॉटलैंड में क्लाइड नदी पर डूबा, 195 मरे।
- 1886 कार्ल बेन्ज़ ने पहली बार मैनहेम में ऑटोमोबाइल चलाई।

## विशेष आलेख

# ‘सुपर जासूस’ की रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के प्रमुख पद पर नियुक्ति



रामस्वरूप रावतसरे

**जानकारी के अनुसार उनका करियर सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रहा। कनाडा और श्रीलंका में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने खालिस्तानी नेटवर्क और भारत-विरोधी साजिशों पर गहरी नजर रखी। 1 जनवरी 2021 को उन्हें पंजाब में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का प्रमोशन मिला, लेकिन तब वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे, इसलिए सिर्फ नाममात्र का लाभ मिला। फिर भी उन्हें केंद्रीय डीजीपी के समकक्ष पद पर रखा गया, जो उनकी साख को दर्शाता है। पराग जैन का नाम हाल के समय में ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के लिए सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। ये ऑपरेशन भारत की खुफ्यिा और सैन्य ताकत का एक शानदार नमूना है। इस ऑपरेशन में जैन की अगुआई में रॉ और एआरसी ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों की सटीक जानकारी जुटाई, जिसके आधार पर मिसाइल हमले किए गए।**

पराग जैन का नाम खुफिया हलकों में ‘सुपर जासूस’ के तौर पर गूँजता है। चाहे वह ‘ऑपरेशन सिंदूर’ में आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करना हो, जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्तर पर खुफिया नेटवर्क बनाना हो या फिर कनाडा और श्रीलंका में भारत-विरोधी साजिशों को नाकाम करना हो। आईपीएस पराग जैन ने हर मोर्चे पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। वो हमेशा पर्दे के पीछे रहकर भारत की सुरक्षा की ढाल बने रहे हैं।

पराग जैन ने भारत की बाहरी खुफ्यिा एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (आर-एडब्ल्यु) का 1 जुलाई 2025 को प्रमुख का पद भार संभाल लिया है। मोदी सरकार ने 28 जून 2025 को पंजाब कैडर के 1989 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रॉ का नया प्रमुख नियुक्त किया था। आज जब भारत को पाकिस्तान, चीन, खालिस्तानी नेटवर्क और साइबर हमलों जैसे कई बाहरी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। तब पराग जैन की नियुक्ति एक मजबूत संदेश देती है कि भारत अब अपनी खुफ्यिा रणनीति को और सशक्त करने जा रहा है।

1989 बैच के पंजाब कैडर के इस आईपीएस अधिकारी ने अपने करियर की शुरुआत तब की, जब पंजाब आतंकवाद की आग में जल रहा था। भटिंडा, मानसा और होशियारपुर जैसे संवेदनशील जिलों में उन्होंने आतंकवादियों के खिलाफमोर्चा संभाला। उस दौर में जैन ने जमीनी स्तर पर खतरनाक ऑपरेशनों को अंजाम दिया। बाद में वे चंडीगढ़ के एसएसपी और लुधियाना के डीआईजी बने, जहाँ उन्होंने आतंकवाद-विरोधी अभियानों में अहम भूमिका निभाई। लेकिन पराग जैन की असली ताकत तब सामने आई, जब वे रॉ से जुड़े। वर्तमान में वे रॉ के विशेष निदेशक हैं और एविएशन रिसर्च सेंटर (एआरसी ) का नेतृत्व कर रहे हैं। एआरसी वो इकाई है, जो हवाई निगरानी और तकनीकी खुफ्यिा जानकारी जुटाने में माहिर है। जैन ने इसे और मजबूत किया। उनकी खासियत है कि वे इंसानों से मिली खुफ्यिा जानकारी और तकनीकी जानकारी को मिलाकर ऐसी रणनीति बनाते हैं, जो दुश्मनों के लिए पहेली बन जाती है।

जानकारी के अनुसार उनका करियर सिर्फभारत तक सीमित नहीं रहा। कनाडा और श्रीलंका में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने खालिस्तानी नेटवर्क और भारत-विरोधी साजिशों पर गहरी नजर रखी। 1 जनवरी 2021 को उन्हें पंजाब में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का प्रमोशन मिला, लेकिन तब वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे, इसलिए सिर्फ नाममात्र का लाभ मिला। फिर भी उन्हें केंद्रीय डीजीपी के समकक्ष पद पर रखा गया, जो उनकी साख को दर्शाता है। पराग जैन का नाम हाल के समय में ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के लिए सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। ये ऑपरेशन भारत की खुफ्यिा और सैन्य ताकत का एक शानदार नमूना है। इस ऑपरेशन में जैन की अगुआई में रॉ और एआरसी ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों की सटीक जानकारी जुटाई, जिसके आधार पर मिसाइल हमले किए गए। बाहर से देखने में ये हमले कुछ मिनटों की कार्रवाई लगते हैं, लेकिन इसके पीछे सालों की मेहनत थी। जैन और उनकी टीम ने जमीनी स्तर पर खुफ्यिा नेटवर्क बनाया, लोगों से सूचनाएँ जुटाईं, सैटेलाइट तस्वीरों और अन्य तकनीकों से जानकारी को सत्यापित किया। ये काम इतना आसान नहीं था। पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश में खुफ्यिा जानकारी जुटाने के लिए साहस, रणनीति और धैर्य चाहिए। जैन ने अपने अनुभव और तकनीकी दक्षता के दम पर इसे मुमकिन बनाया।

‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के साथ-साथ ये संदेश भी दिया कि भारत अपनी सीमाओं से बाहर भी दुश्मनों को जवाब दे सकता है। ये ऑपरेशन भारत की रणनीतिक ताकत का प्रतीक बन गया, और इसके पीछे पराग जैन जैसे सिपाही थे, जो पर्दे के पीछे काम करते हैं।

जैन का जम्मू-कश्मीर में गहरा अनुभव और पाकिस्तान से जुड़े मामलों की उनकी समझ उन्हें इस चुनौती से निपटने के लिए सबसे सषक्त बनाती है। अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण और बालाकोट एयर स्ट्राइक जैसे मौकों पर उन्होंने जमीनी खुफ्यिा जानकारी जुटाने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान में खुफ्यिा नेटवर्क बनाना आसान नहीं है, क्योंकि वहाँ की खुफ्यिा एजेंसी आईएसआई हर कदम पर नजर रखती है। फिर भी जैन ने अपने नेटवर्क और रणनीति से कई बार पाकिस्तान को चौंका दिया है।

रॉ का काम भारत की सीमाओं के बाहर खुफ्यिा जानकारी जुटाना और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लेकिन विदेशों में ऑपरेशन्स चलाना बच्चों का खेल नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती है गुप्त रूप से काम करना। अगर किसी एजेंट की पहचान उजागर हो जाए, तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। इसके अलावा, दुश्मन देशों में तकनीकी निगरानी, साइबर हमले और ड्रोन जैसे खतरे बढ़ गए हैं। पाकिस्तान और चीन जैसे देशों में खुफ्यिा नेटवर्क बनाना बेहद जटिल है। वहाँ की सरकारें और उनकी खुफ्यिा एजेंसियाँ भारत के हर कदम पर नजर रखती हैं। फिर भी जैन ने कनाडा में खालिस्तानी नेटवर्क पर नजर रखकर और श्रीलंका में भारत के हितों को बढ़ावा देकर दिखाया कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी माहिर हैं। कनाडा में उन्होंने खालिस्तानी नेटवर्क की साजिशों को समय रहते उजागर किया और दिल्ली को चेतावनी दी कि ये नेटवर्क बड़ा खतरा बन सकता है। श्रीलंका में उन्होंने तमिल संगठनों और चीन की बढ़ती मौजूदगी पर नजर रखी।

# महिला आरक्षण की दहलीज़ पर लोकतंत्र- अब दलों को जिम्मेदारी उठानी होगी



-प्रियंका सौरभ

**भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6% हैं। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9% से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9% ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं।**

**2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में राजनीति के स्वरूप को बदलने का ऐतिहासिक अवसर है। हालांकि इसका क्रियान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संभव है, लेकिन यह तभी सफल होगा जब राजनीतिक दल अभी से महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण बनाएँ। केवल आरक्षित सीटें देना पर्याप्त नहीं; दलों को आंतरिक कोटा, वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और निर्णयकारी भूमिका में महिलाओं को प्राथमिकता देनी होगी। अगर यह मौका चूक गया तो आरक्षण भी दिखावा बन जाएगा। समावेशी और सशक्त लोकतंत्र के लिए अब निर्णायक और नीतिगत पहल ज़रूरी है।**

2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, यानी संविधान का 106वां संशोधन, भारत के लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित करता है, लेकिन इसकी सफलता महज संविधान में दर्ज होने से नहीं होगी—बल्कि इस पर अमल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति से तय होगी। वर्ष 2029 के आम चुनावों में यदि यह आरक्षण प्रभावी होता है, तो यह न केवल भारत के लोकतंत्र के लिए निर्णायक मोड़ होगा, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व की दिशा भी तय करेगा। इसके लिए राजनीतिक दलों को अभी से व्यापक और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे।

भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6% हैं। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9% से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9% ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है भारतीय समाज की गहरी पैठी हुई पितृसत्तात्मक सोच। महिलाओं को पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित कर दिया जाता है, जिससे नेतृत्व के अवसर स्वाभाविक रूप से पुरुषों को मिलते हैं। %सरपंच पति% जैसी प्रथाएँ इस सोच को और भी स्पष्ट करती हैं। राजनीतिक दलों के भीतर भी यह धारणा प्रचलित है कि महिलाएं चुनाव जीतने की दृष्टि से कमज़ोर प्रत्याशी होती हैं। लेकिन यह एक मिथक है, जिसे हाल के आंकड़े खारिज करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाएं केवल 9.6% उम्मीदवार थीं, लेकिन उनकी सफलता दर पुरुषों से अधिक थी - उन्होंने 13.6% सीटें जीतीं।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं, बाबू शोभाराम कला महाविद्यालय के छात्रों के हित के लिए संघर्ष करने वाले छात्र नेता विष्णु चावडा। इन्होंने बाबू शोभाराम कला कॉलेज से सन 2011 में छात्र संघ अध्यक्ष का चुनाव लड़ा और 17 वोट से पराजित रहे।

कॉलेज चुनाव हारने के बाद अलवर में मत्स्य विश्वविद्यालय को स्थापित कराने को लेकर जिले में आंदोलन चलाया और लम्बे आंदोलनों संघर्ष के बाद विश्वविद्यालय अलवर में स्थापित हो सका..।

उसके बाद विश्वविद्यालय की लड़ाई जारी रखी, सन् 2018 में मत्स्य विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में लिंग दोह कमेटी के कारण 25 साल की आयु से अधिक होने के कारण छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ पाये तो अपने छोटे भाई सुमंत चावड़ा को मत्स्य विश्वविद्यालय का प्रथम छात्र संघ अध्यक्ष बनाया..। उसके बाद 2022 में मत्स्य विश्वविद्यालय में बकरी चराने वाले किसान के बेटे को विश्वविद्यालय का छात्रसंघ अध्यक्ष बनाया। बीए ,एम ए व एल एल बी बाबूशोभा राम कला व विधि कॉलेज से किया है जब राजस्थान विश्वविद्यालय के अधीन होता था उसके बाद

एल एल बी मत्स्य विश्वविद्यालय से की है। एल एल एम राजकीय लॉ कॉलेज, अलवर (भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी, जयपुर के अधीन है) अभी वकालत के साथ जनहित की लड़ाई लड़ रहे है। बहुत ऊर्जावान युवा हैं चावडा,मत्स्य विश्वविद्यालय के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और बहुत करीब से मैंने इनको संघर्ष करते हुए



विष्णु चावड़ा
( छात्र नेता )

देखा है चाहे वह कैंपेन के रूप में हो, चाहे वह धरना और प्रदर्शन के रूप में हो मत्स्य विश्वविद्यालय के लिए और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा कटिबंध रहे हैं विष्णु चावडा। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे ऊर्जावान नौजवान के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण | बढ़ता राजस्थान

# मिस इंडिया का पहला खिताब पाने वाली पहली एक्ट्रेस थीं नूतन, अफेयर की अफवाह सुन एक्टर को जड़ दिया था थप्पड़

आज ही के दिन यानी की 04 जून को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस नूतन का जन्म हुआ था। उन्होंने महज 14 साल की उम्र से फिल्मों में काम करना शुरूकर दिया था। अभिनेत्री के काम को पसंद करने वाले आज भी कम नहीं हैं।

अपनी अदाकारी से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री नूतन का 04 जून को जन्म हुआ था। भले ही नूतन अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन शानदार कलाकार के तौर पर वह आज भी दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं। अभिनेत्री के काम को पसंद करने वाले आज भी कम नहीं हैं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर एक्ट्रेस नूतन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

मुंबई में 04 जून 1936 को नूतन का जन्म हुआ था। इनके पिता डायरेक्टर और कवि कुमारसेन समर्थ थे। जबकि मां शोभना समर्थ खुद एक दिग्गज कलाकार थीं। ऐसे में नूतन को बचपन से फिल्मी माहौल मिला था। वह अपने भाई-बहनों में सबसे बड़ी थीं। महज 14 साल की उम्र से नूतन ने फिल्मी दुनिया में एंट्री कर ली थी। 14 साल की उम्र में उन्होंने फिल्म हमारी बेटी से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म का निर्देशन एक्ट्रेस की मां शोभना समर्थ ने किया था। जिसके बाद एक्ट्रेस ने अनाड़ी, कर्मा, मेरी जंग, छलिया, मैं तुलसी तेरे आंगन की, पेइंग गेस्ट और सौदागर जैसी फिल्मों में काम किया है। एक्ट्रेस ने करीब 70 फिल्मों में अभिनय किया था।

बता दें कि साल 1959 में नूतन ने रजनीश बहल से शादी की थी। जोकि इंडियन नेवी में लेफ्टिनेंट कमांडर थे। उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम मोहनीश बहल हैं और वह भी एक अभिनेता हैं। नूतन मिस इंडिया का खिताब पाने वाली पहली एक्ट्रेस थीं। किरदार की मांग के हिसाब से एक्ट्रेस बोल्ड कपड़े पहना करती थीं। साल 1958 में आई फिल्म दिल्ली का ठग में एक्ट्रेस ने स्विम सूट पहना था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**वृष**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**मिथुन**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**कर्क**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

**सिंह**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**कन्या**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। इसका खास ध्यान रखें।

**तुला**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**वृश्चिक**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**धनु**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

**मकर**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

**कुंभ**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**मीन**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

## कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने सरूपगंज की फैक्ट्री में मारा छापा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/सरूपगंज/पिंडवाड़ा ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर के क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य के कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने अपने आकस्मिक छापामार अभियान के अन्तर्गत स्वरूपगंज के रीको एरिया में स्थित कोर्टयार्ड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में छापा मारा! बताया जाता है कि यह फैक्ट्री बायोडीजल बनाने का काम करती है। कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि फैक्ट्री का वर्ष 2022 में ही रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका है, बावजूद इसके इस फैक्ट्री प्रबंधन ने पिछले तीन वर्ष में 360 करोड़ का एक्सेस माल बेचा है! जिस पर 80 करोड रुपए के राज्य सरकार को सीधी हानि पहुंचाई गई है जो काफी गंभीर मामला है। उधर कृषि मंत्री डॉ मीणा के आकस्मिक छापा मारने से हड़कंप मच गया। उल्लेखनीय है कि राज्य में कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा के चलाए जा रहे छापा मार अभियान की भाजपा के राष्ट्रीय स्तर एवं केन्द्र सरकार स्तर पर भी काफी प्रशंसा की जा रही है विगत दिवस केंद्र सरकार में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कल एक बयान में डा मीणा के इस अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मिलित करने की बात कही थी।

## सीएम भजनलाल आज आएंगे बालेर

### दीनदयाल अंत्योदय संबल योजना शिविर के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** दीनदयाल अंत्योदय संबल योजना शिविर में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को प्रात: 11.30 बजे सवाई माधोपुर जिले की खंडार विधानसभा के बालेर कस्बे में शिरकत करेंगे 7 जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल के दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल एवं जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने मंडलों की बैठक ली और अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने का आह्वान किया।

## नोन वेंडिंग जोन घोषित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर के अति व्यस्तम माने वाले क्षेत्रो को नगरपालिका प्रशासन की ओर से नोन वेडिंग जोर घोषित कर नोन वेडिंग जोन में अस्थाई व्यवसायिक गतिविधियो पर रोक लगाई है। नगरपालिका मालपुरा के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि नगरपालिका मालपुरा के अधिशासी अधिकारी के पद का कार्य देख रहे उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशानुसार मालपुरा शहर के सिविल लाईन क्षेत्र व्यास सर्किल से सिविल लाईन रोड (जयपुर रोड) राउमावि मालपुरा तक दोनो ओर तथा व्यास सर्किल से सिविल लाईन रोड (सदरपुरा रोड) पर उप पंजीयन कार्यालय के बाहर तक दोनो ओर को नोन वेडिंग जोन घोषित किया गया है। नोन वेडिंग जोन में अस्थाई ठेला, पार्किंग, केबिन, व अस्थाई दुकाने लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अस्थाई व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने वालो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाई अमल में लाई जाएगी। जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार होगें।

## आर्म्स एक्ट वाछिंत अपराधी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा वृत की डिग्गी पुलिस ने आर्म्स एक्ट वाछिंत अपराधी को गिरफ्तार किया है। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल के निर्देशानुसार डिग्गी पुलिस ने वाछिंत अपराधियो के घड़पकड़ के अभियान में तेजी लाई गई। इसही कड़ी में पुलिस ने डिग्गी पुलिस थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के वाछिंत आरोपी महेन्द्र नायक पुत्र जिन्सी नायक निवासी रजवास थाना बरोनी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## ब्राह्मण महासंघ युवा प्रकोष्ठ के सुभाष शर्मा, गजानंद शर्मा एवं अंकित शर्मा पदाधिकारी नियुक्त

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय, प्रदेश संगठन महामंत्री शांतनु पाराशर, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक निर्झरना एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश भारद्वाज की सहमति से सवाई माधोपुर युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मुरली गौतम ने अपनी जिला कार्यकारिणी का और विस्तार किया है 7 जिला महामंत्री रजत भारद्वाज ने बताया कि युवा प्रकोष्ठ में सुभाष शर्मा को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गजानंद शर्मा को जिला प्रचार प्रसार मंत्री एवं अंकित शर्मा को जिला सचिव और नियुक्त किया है ।

# एक रात में हुई 147 एमएम बारिश, शहर में अनेक स्थानो पर भरा पानी, रामसागर बांध की चली चादर

## सहोदरा नदी उफान पर, बम्ब तालाब हुआ ओवर फ्लो



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर व आसपास के क्षैत्रो में केवल एक ही रात में 147 एमएम बारिश हो जाने के बाद चारो ओर सितम और परेशानी पानी ही पानी दिखाई दिया। मालपुरा शहर व आसपास के क्षैत्रो में बारिश का दोर बीति रात्रि आठ बजे से शुरू हुआ। शुरूआती दौर में काफी तेज बारिश होने के बाद रात भर रूक रूक कर कभी तेज तो कभी कम बारिश का दौर चला। बुधवार को सुबह आठ बजे बाद तक भी रूक रूक कर बारिश होती रही। इस बारिश के बाद शहर के अति प्राचीन बम्ब तालाब ओवरफ्लो होकर चादर में से पानी निकलने लगा। वहीं मालपुरा से केकड़ी की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर पड़ने वाली सहोदरा नदी अफान पर रही। साथ ही मालपुरा से रीण्डलिया बुजुर्ग की ओर जाने वाले मुख्य रास्ते में पानी भर जाने के बाद रीण्डलिया बुजुर्ग का सम्पर्क मालपुरा से कट गया और आवागमन बाधित हो जाने से ग्रामीणो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ा। रात भर हुई बारिश को किसान परेशानी की बारिश बता रहे हैं। क्योंकि इस समय खेतो में बुवाई चल रही है, जिसमें कई खेतो में तो बुवाई हो भी चुकी है लेकिन रात की बारिश से खेतो में पानी भर जाने से बोए गए बीज खराब हो गए व जिन खेतो में बुवाई नहीं हो सकी उनमें पानी भर जाने से बुवाई नहीं हो सकती। इधर मालपुरा शहर में रात भर चले बारिश के दौर के बाद व्यास सर्किल, तहसीलदार व उपखण्ड अधिकारी कार्यालय व आवास, पंचायत समिति कार्यालय तथा राउमावि के खेल मैदान के अलावा महावीर मार्ग, बस स्टेण्ड, नवीन मण्डी, गांधी पार्क सहित अन्य कई स्थानो पर पानी भर गया। कई जगहो पर बारिश का पानी अधिक भरा होने से दुकानो व घरो में पानी घुस जाने से नुकसान भी हुआ। इसके अलावा बृजलालनगर क्षैत्र में माताजी के मन्दिर के आगे सड़क पर पानी जमा होने से आवागमन बाधित रहा। जल संसाधन विभाग के नियन्त्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह आठ बजे तक मालपुरा में 147 एमएम, चांदसेन में40 एमएम,टोरड़ी सागर क्षैत्र में 91 एमएम व लाम्बाहरिसिंह क्षैत्र में 33 एमएम बारिश दर्ज की गई। क्षैत्र में बारिश के दौर के बाद टोरड़ी सागर बांध में अब तक 22.8 फुट, भैंरूसागर चांदसेन में 13.3 फुट, रामसागर लाम्बाहरिसिंह बांध ओवरफलो होकर चादर चलने लगी। बांधो में पानी की आवक लगातार बनी हुई।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय संबल शिविर में ग्रामीणों को दिए पटटे



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत पलेई में उपखंड अधिकारी अनीता खटीक के आदेशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय संबल पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें कई मुददों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को पट्टे वितरण किए गए। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय संबल शिविर केवल कागजों तक सीमित है उनमें समस्या का समाधान केवल नाम मात्र ही होता है और खाना पूर्ति की जाती है। इसलिए इन शिविरों से ग्रामीणों का विश्वास उठ गया है शिविर में केवल पट्टे वितरण किए गए और कोई ग्रामीणों की समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया। इस अवसर पर शंकरलाल मीणा, खेमराज मीणा, मीठालाल मीणा, गोविंदसिंह चौहान, प्रताप सिंह, लक्ष्मीनारायण मीणा, गोविंद चौधरी, नरेश बैरवा, रामअवतार बैरवा, रमेशचंद कारपेंटर, गोपाल मीणा व विष्णु शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रशासन जुटा कल्याण जी महाराज की सेवा सुश्रुषा में



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र की धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर में 5 जुलाई तक प्रशासन की सेवा रहेगी। उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशानुसार तहसीलदार पवन कुमार मातवा ने सेवा की कमान संभाल ली। प्रशासन की सेवा के चलते अल सवेरे मंगला आरती से दोपहर तक व दोपहर से शयन आरती तक अलग अलग सेवा रहेगी। जिसके लिए भू अभिलेख निरीक्षको व पटवारियो की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासनिक सेवा के प्रारम्भ में तहसीलदार पवन मातवा ने कल्याण जी महाराज की पूजा अर्चना कर क्षैत्र में सुख समृद्धि की कामना की व जहां अब तक सेवारत पुजारी बैठा करते थे उस स्थान पर तहसीलदार मातवा स्वयं बैठकर प्रशासन की सेवा शुरू की। प्रशासन की सेवा प्रारम्भ होने के समय पटवारी अनिल, खुशीराम , दिनेश व अन्य मौजुद रहे। गौरतलब है कि डिग्गी कल्याण जी महाराज के मन्दिर में पूजा को लेकर चल रहे विवाद के बाद न्यायालय के आदेशो की पालना में प्रशासन ने सेवा पूजा शुरू की है जो 5 जुलाई तक चलेगी।

# जिला कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायत पंवालिया में शिविर का निरीक्षण

### घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतु परिवारों को सौंपे आवासीय पट्टे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को जिले की कई ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में सीमाज्ञान, आपसी सहमति से भूमि विभाजन, रास्ता खोलने, आवासीय पट्टे एवं खाद्य सुरक्षा योजना आदि से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत दी गई। टोडारायसिंह उपखंड की ग्राम पंचायत पंवालिया में आयोजित शिविर का जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर के दौरान विभिन्न काउंटरों पर जाकर आमजन की समस्या समाधान एवं उन्हें राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। शिविर में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में पेयजल एवं विद्युत समस्या के बारे में बताया। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत में आज ही खराब ट्रांसफार्मर को बदला जाए तथा जहां-जहां पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त है उन्हें ठीक किया जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को कैंपों में आमजन के कामों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। इसके लिए प्री कैंप एक्टिविटी को आवश्यक रूप से किया जाएं, ताकि कैंप दिवस पर अधिकाधिक लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा योजना में आए आवेदनों के निस्तारण को लेकर प्रो एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए। शिविर में चिकित्सा विभाग की टीम के पास बीपी, शुगर की जांच करने के लिए आवश्यक उपकरण नहीं मिलने पर नाराजगी जताई।



### अंत्योदय संबल पखवाड़ें में 4 परिवारों को मिले आवासीय पट्टे

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। बुधवार को ग्राम पंचायत पंवालिया में आयोजित शिविर में 4 परिवारों राधेश्याम, सीताराम, हजारी मोग्या और सीता मोग्या का उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इन परिवारों को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टे सौंपे गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभार्थियों ने कहा कि ग्राम पंचायत में आयोजित इस शिविर में त्वरित कार्रवाई करते हुए, पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने उनके आवेदन स्वीकार करवाए। इसके बाद सरपंच और ग्राम पंचायत के कार्मिकों ने सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा किया। आवासीय पट्टे प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा वास्तव में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

## जगदीश भास्कर बने माली समाज के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** माली (सैनी) समाज के युवा समाजसेवी जगदीश भास्कर को माली समाज का तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। समाज के खेमराज माली ने बताया कि पुरानी तहसील स्थित मालियो की बगीची में समाज की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेष रूप से मौजुद माली समाज के अध्यक्ष पांचूलाल माली का समाज की ओर से सम्मान किया गया। साथ ही बैठक में मौजुद समाजबंधुओं ने एक राय से समाज के तहसील अध्यक्ष पद पर जगदीश भास्कर को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। अंत में माली समाज के नए अध्यक्ष जगदीश भास्कर का मौजुद समाज के पदाधिकारियो व अन्य समाज बंधुओं ने मालाऐं पहना कर एवं साफे बंधा कर सम्मान किया गया।

## मंडी समिति व्यापारियों के फूड लाइसेंसों का किया नवीनीकरण

बढ़ता राजस्थान

निवाई ( का .स . ) । कृषि उपज मंडी में मंडी समिति व्यापारियों के फूड लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा व राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि कृषि उपज मंडी में फूड इंस्पेक्टर सत्यनारायण गुर्जर ने मंडी समिति व्यापारियों के फूड लाइसेंस का नवीनीकरण करते हुए 65 लाईसेंस का नवीनीकरण किया गया और 4 लाईसेंस नयै बनाए गए। इस अवसर पर व्यापार मंडल के सुशील कुमार, चन्द्र प्रकाश, सुरेश चंद्र, सतीश चन्द्र, अशोक कुमार, अमित कुमार, गोरी शंकर, सुनील कुमार, बंशीधर, मूलचंद बोहरा, विमल कुमार व सुशील कुमार अग्रवाल सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना में जमा कराई 66 हजार रुपए की राशि

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोठ बिहारी के लिए विद्यालय स्टाफ एवं जन सहयोग से एकत्रित 66 हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना में जमा करने हेतु समग्र शिक्षा जिला कार्यालय को प्राप्त हुई है। यह राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत विद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास हेतु जमा करवाई गई। उक्त राशि का चेक प्रधानाचार्य ईश्वर चंद खंगार द्वारा एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता को सुपुर्द किया। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि विद्यालय से प्राप्त 66 हजार रुपए की राशि में राज्य सरकार द्वारा योजनामद के रूप में 60 प्रतिशत राज्य सरकार से अंशदान के तहत 99 हजार रुपए अतिरिक्त प्राप्त होंगे। इस प्रकार कुल 1 लाख 65 हजार रुपए की राशि विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय में इनवर्टर, कंप्यूटर, प्रिंटर, फर्नीचर, विद्यालय सौंदर्यकरण सहित अन्य भौतिक विकास कार्यों में उपयोग ली जाएगी।जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा वातावरण प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक राकेश कुमार मीना, उप प्रधानाचार्य लुकमान अहमद,कार्यक्रम अधिकारी चंद्र मोहन शर्मा, शारीरिक शिक्षक गोविंद प्रसाद गुप्ता सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।




# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष मानसिंह का भाजपाइयों ने सेवा कार्य कर मनाया जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर का जन्मदिन गंगापुर सिटी में कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य कर मनाया । जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर वजीरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने राधामदन गोशाला में गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया, कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित किए । इसी क्रम में गंगापुर सिटी शहर मंडल के पदाधिकारियों ने भी गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की, इस दौरान नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कांग्रेस सरकार में स्वीकृत सड़को की धीमी गति को लेकर व काम शुरू न होने को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से की बात

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने कांग्रेस सरकार में स्वीकृत हुई सड़कों पर अभी तक काम नहीं होने और धीमी गति से कार्य चलने पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बातचीत की। जूली ने बताया कि कांग्रेस राज में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का बड़ा जाल बिछाने के उद्देश्य से बडी संख्या में सड़कों के कार्य स्वीकृत करवाए, लेकिन सरकार बदलते भाजपा सरकार द्वारा अधिकांशत: स्वीकृत सड़कों के कार्यों को रोक दिया गया। जिन स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्य प्रारंभ करवाए गए उन्हें भी बजट का अभाव बता कर धीमी गति से निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अलवर ग्रामीण विधानसभा विधायक जूली को सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बातचीत करने पर मानसून के बाद पुन: काम शुरू करने के लिए आश्वस्त किया। जूली ने बताया कि चुहडसिद्व सड़क से बाला डहरा, उलाहेडी से झाहरखेडा, सिरावास रोड से रामनगर, घाटीबास से चांदोली जयपुर रोड़ से माचडी की ओर,शाहपुर-धौकडी सड़क से अमृतबास की ओर, चुहडसिद्व रोड़ से अमृतबास से धोकडी रोड तक, कब्रिस्तान से जोहड की ओर रतवाका, माधोगढ से मालीबास, चांद पहाडी से जोहरा का बड़, तुलेडा से रायबका सड़क, छठी मील से ककराली सड़क, सपंर्क सड़क से चिरखाना, बिजोपुर से भंडवाडा, सपंर्क सड़क घाटला, कारोली से मिल्कपुर सड़क, अकबरपुर से अलापुर, सपंर्क सड़क देसुला, अकबरपुर से अहमदपुर, चुहडसिद्व से शाहपुर वाया धौकडी, भंडवाडा से चांदोली, संपर्क सडक चंदबास, महुआखुर्द से पिह्ला का बास तक सड़क निर्माण, बिजवाड से महताब का बास, ककराली जाट से पटाखा फैक्ट्री तक कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। जबकि अलवर जयपुर सड़क से सिलीसेढ़ गरवाजी सड़क चौडाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, उलाहेडी से जाहरखेडा,ककराली से पीलवा की ओर भण्डवाडा सडक से नौरंगाबाद ढहरा सडक वाया नाली, चांदोली से रोजा का बास, जाजोर से चिकानी, हल्दीना से मालीबास, खेडली सैययद से डूमेडा की ओर, बख्तपुरा से डोबा रिगसपुरी मय पुलिया निर्माण,पलखडी सड़क से दादा पहाडी की ओर दह्ला की कोठी से मुंडिया की ओर,भडोली से घाटी की ओर,नांगल टोडियार से लक्ष्मणगढ़ रोड़, नैथला सड़क से ठेका का बास की ओर, हल्दीना से ढाकपुरी, निठारी से पिनानियों की ढाणी कल्याणपुरा मोड से महवा कलां की ओर,खेडली रोड़ से अमरचंद के घर की ओर वाया नंदगांव सीसी सड़क निर्माण कार्य, पृथ्वीपुरा सड़क से मेदीबास तक,मालाखेड़ा में भडबूंजा के तिबारा से गुर्जर बास होते हुए मेगा हाईवे तक,मालाखेडा बाईपास हाईवे से बडीन होकर सीसी की ओर मालाखेडा से पाडलिया, मालाखेड़ा रेल्वे स्टेशन से कमलेश जैमन के घर होते हुए हरिजन बस्ती तक, मालाखेड़ा अंबेडकर कॉलोनी से स्टेशन की ओर इंटर लॉकिंग का कार्य, हिम्मत के घर से गोपाल पहलवान के घर तक मालाखेडा, एमआईए खेरली सैयद नंगली राजावात, गंडराला, निठारी, चौमू, बिलंदी, श्याम गंगा, सताना, बहाली, मेघा हाईवे का चौडाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, संपर्क सड़क से मदनपुरी-गूजूकी सालपुरी सड़क, डूमेडा से खेडली सैय्यद की ओर, खेडली सैय्यद से मेटसो की ओर, बालेटा से बैंदाडा के बास की ओर, हल्दीना से ढाकपुरी, दह्ला की कोठी से मुंडिया तक सड़क निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है।

## हरियालों राजस्थान के तहत किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** हरियालो राजस्थान के तहत किया राजकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में पौधारोपण किया गया। राजकीय महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा दिशा निर्देशानुसार मिशन हरियालों राजस्थान की अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए पौधारोपण किया गया। पौधारोपण का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफसर दीपकराज जैन द्वारा गुलाब का पौधा लगाकर किया गया। उन्होंने बताया कि विभागिय निर्देशानुसार संकाय सदस्यों द्वारा भी पौधे लगाए गए। इसी दौरान लगाए गए पौधों की समय-समय पर देखभाल करने का संकल्प दिलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रूपा चौधरी ने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने पर्यावरण के लिए वरदान इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उत्साह के साथ पुरजोर मेहनत की। इसी प्रकार राजकीय प्राथमिक विद्यालय बैरवा ढाणी सीपुरा में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की मुख्य संदर्भ व्यक्ति व पर्यावरणविद् अनुपमा तिवाडी के सानिध्य में पौधरोपण किया गया।

# देश सेवा के बाद समाज सेवा ही मेरा धर्म : डोई

## सुबेदार डोई ने सिन्दूर ऑपरेशन के बाद ली सेवानिवृती, गाँव में हुआ भव्य सम्मान, बाबा भोमिया को लगाई ढोक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** बानसूर उपखण्ड क्षेत्र के गाँव गिरुड़ी निवासी सतीश कुमार डोई 9 राजपूत रेजिमेंट से सेवानिवृत हो गए हैं। उन्होंने राजपूत रेजिमेंट में 28साल समर्पण भाव से कर्तव्य पूरा करते हुए देश सेवा की। उन्होंने समतल मैदान से लेकर दुर्गम स्थान पर समर्पण भाव से देश सेवा की। उनकी सेवानिवृति की सूचना पाकर क्या महिला और पुरुष बालक भी उनके सम्मान में पीछे नहीं रहे।उन्होंने गाँव गिरुड़ी आगमन के बास बस स्टेण्ड से होलावास स्थित बाबा भोमिया को जाकर ढोक लगाई और उसके बाद अपने घर में प्रवेश किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए तो परिजनों सहित रिश्तेदारों और मित्रों ने माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया। सतीश कुमार डोई सुबेदार पद से सेवानिवृत हुए हैं। उनके पिता झाबरमल डोई एक साधारण किसान और पंचायत राज की संस्था पंचायत समिति में बतौर पंचायत समिति सदस्य पद पर रहकर सेवा दे चुके हैं। उनके कार्यकाल में ग्राम पंचायत गिरुड़ी का काफ़ी विकास हुआ। सेना में सुबेदार पद से सेवानिवृत हुए सतीश कुमार डोई ने बताया कि पहला कर्तव्य देश सेवा, दूसरा कर्तव्य माता -पिता सहित बुजुर्गों की सेवा तीसरा बालकों जिसमें धर्मपत्नी भी समलित है के प्रति कर्तव्य और आखिरी है समाज सेवा! अब मैं सेवानिवृत हो गया हूँ अब चौथी सेवा करने का समय आ गया है. इस मौके पर सेवानिवृत सुबेदार हेमराज गुर्जर सहित अनेक सेना के पूर्व व वर्तमान सैनिकों सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बेजुबान पक्षियों की सेवा व वृक्षारोपण कर मनाया जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान



**रैणी/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** सर्व समाज हेल्प टीम के सदस्यों ने बेजुबान पक्षियों की सेवा व वृक्षारोपण करके अपना जन्मदिन मनाया। सर्व समाज हेल्प टीम के संयोजक प्रकाश भाबला ने बताया कि टीम के सदस्य सुनील भांकरी, खुशीराम, योगेन्द्र जांगिड़, योगेश मीना, विजयलाल बैरवा, रमेश, यशवंत मीना, संतोष गुणावत ने बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे, वृक्षारोपण कर अपना जन्मदिन मनाया। सदस्यों ने कहा कि पेड़ लगाने से पर्यावरण को बचाने का संदेश मिलता है। यह हवा को शुद्ध करता है तथा जलवायु परिवर्तन को कम करता है। पेड़ लगाने से हम अपने पर्यावरण को स्वस्थ और हरा भरा रखने में मदद करते हैं। सोच बदलो गांव बदलों गुह्लाणा के वरिष्ठ सदस्य विजेन्द्र मीना ने सर्व समाज हेल्प टीम को आर्थिक सहयोग देकर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में सोशल मीडिया व फोन पर बधाई दी।

# रोटरी क्लब अलवर के नए सत्र का शुभारंभ वृक्षारोपण, रक्तदान, डॉक्टर डे व सीऐ डे मना कर किया गया

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब अलवर के नये सत्र की शुरुआत माँ के प्रेम और प्रकृति की छाया को एक साथ सलाम करते हुए एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम से की गई। वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा जी ने पेड़ लगा कर की। क्लब की प्रथम महिला अध्यक्ष बबिता खण्डेलवाल ने माननीय मंत्री संजय शर्मा का स्वागत कर बताया की महाराणा प्रताप पार्क मोती डूंगरी पर 101 पेड़ व 21 ट्री गार्ड लगाये सभी पेड़ माँ को समर्पित किये गए। सचिव ऋषि मित्तल ने बताया कि पेडों का रख रखाव मोती डूंगरी मॉर्निंग वॉक क्लब और श्री संत सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक हरि प्रसाद खंडेलवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वृक्षारोपण में पंडित जिले सिंह, रोटरी क्लब के पूर्व प्रान्तपाल क्रांति मेहता, पूर्व प्रान्तपाल पवन खंडेलवाल, अस्सिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद आर्य, पूर्व अध्यक्ष मनीष जैन, पूर्व अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र खुराना, आगामी अध्यक्ष नीलू जैन, रोटेरियन अनिल जैन, दीपकमल अरोडा, हरीश जसोरिया, राजेश खंडेलवाल, प्रमोद विजय, घनश्याम गुप्ता, इंदिरा गुप्ता, कंचन खुराना, अन्नू मित्तल, कमला मेहता, डॉ के के शर्मा आदि उपस्थित थे। अंत मे रोटेरियन प्रमोद विजय व मंजु खंडेलवाल का जन्मदिन मनाया गया। रक्तदान शिविर के संयोजक रोटेरियन विकास गुप्ता ने बताया कि जयंती परिवार से अभिषेक जैन व अंशुल जैन ने रक्त दे कर शिविर की शुरुआत की जिसके समस्त स्टाफ का हौसला बढ़ा व 55 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। शिविर में रोटेरियन नरेन्द्र हीरावत, संगीता हीरावत, राकेश खनना, ममता खनना, आशीष खंडेलवाल, दीपाली खंडेलवाल, सुमन यादव, अन्नू मित्तल, अशोक खंडेलवाल, साक्षी खंडेलवाल, व समस्त जयंती स्टाफ उपस्थित रहे । रोटरी क्लब ऑफ अलवर द्वारा डॉक्टर डे व सीए डे मनाया गया । सचिव ऋषि मित्तल ने बताया कि रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष व सदस्यों ने शॉल व मोमेन्टो दे कर सीएमएचओ डॉ योगेन्द्र शर्मा, डॉ सरोज शर्मा, डॉ मानवेन्द्र गोस्वामी, डॉ प्रमोद रावत, डॉ भुपेन्द्र गुप्ता, डॉ सुनील जैन, डॉ अमित खंडेलवाल, डॉ, धर्म सिंह, डॉ के के शर्मा, डॉ राजेन्द जुनेजा, सीए क्रांति मेहता, सीए के के खंडेलवाल, सीए ललित अग्रवाल, सीए जितेंद अग्रवाल, सीए स न भार्गव को सम्मानित किया।

## वृक्षारोपण अभियान में पौधे लगाने के लिए जागरूकता लाने के लिए किया प्रेरित

बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** सर्व समाज जागृति संघ (रजि) के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा ने पत्र के माध्यम से समाज को वन महोत्सव यानी पेड़ों का त्योहार पर वृक्षारोपण अभियान में पौधे लगाने के लिए जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि और खाद्य मंत्री के एम मुंशी द्वारा शुरू किया वन महोत्सव एक वार्षिक वृक्षारोपण उत्सव है जो 1 जुलाई से 7 जुलाई तक पूरे भारत में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान पूरे भारत में लाखों पेड़ लगाए जाते हैं। राज्य सरकारें और नागरिक निकाय इस सप्ताह भर चलने वाले उत्सव के दौरान पेड़ लगाने के लिए स्कूलों, कॉलेज गैर शैक्षणिक संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों और कल्याणकारी संगठनों को पौधे उपलब्ध कराते हैं। 2025 में वन महोत्सव की थीम हरित भविष्य की ओर है इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक करना है यह त्योहार मनाना बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह सीधे हमारी धरती और पर्यावरण से जुड़ा हुआ है जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। हम विकास में बहुत व्यस्त है लेकिन विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। अत: अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हमें अपनी धरती और पर्यावरण की रक्षा करनी है।

## अलवर में मिली लावारिस महिला:कभी पूनम तो कभी सबनम बताती है नाम; वीएचपी ने की लव जिहाद की शिकायत

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के सदर थाने में बुधवार दोपहर को विश्व हिंदू परिषद के कुछ कार्यकर्ताओं एक लावारिश महिला को लेकर पहुंचे। लव जिहाद व मानव तस्करी की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच की तो पता चला कि महिला तिजारा के शेखपुर गांव की रहने वाली है। लव जिहाद व मानव तस्करी नहीं है। महिला कभी खुद का नाम पूनम तो कभी सबनम बताती रही। बाद में सदर थाना पुलिस ने तिजारा पुलिस को बुलाया। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र छाबड़ा और शहर महामंत्री प्रेम गुप्ता ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे जयपुर से सूचना मिली कि शालीमार के पास एक लड़की अकेली घूम रही है। मानसिक रूप से बेहद डरी हुई है। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सदर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस युवती को थाने ले गई और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की। पुलिस पूछताछ में युवती ने बताया- वह मूल रूप से कश्मीर की रहने वाली है, और करीब तीन साल पहले उसे जबरन एक ट्रक में बैठाकर राजस्थान के अलवर में लाया गया था। यहां उसकी शादी करवाई गई, जिससे एक बच्ची भी हुई। इसके बाद उसे तिजारा के पास स्थित शेखपुर गांव में एक गूंगे व्यक्ति को बेच दिया गया, जहां उसके साथ जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की गई। युवती ने बताया कि वह शेखपुर गांव से किसी तरह भागकर अलवर पहुंची, जहां शालीमार क्षेत्र में वह लावारिस स्थिति में देखी गई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े शिविर में फरियादियों की सुनी समस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम श्रीचंद्पुरा के अटल सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत तहसीलदार शरद कुमार राठिया की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फरियादियों की समस्या सुनकर मौके पर ही निस्तारण के प्रयास किए गये ।महिला बाल अधिकारी विभाग द्वारा तीन छोटी बच्चियों का केक काट कर जन्मोत्सव मनाया गया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक करने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा,अतिरिक्त विकास अधिकारी हरफूल मीणा कृषि विभाग से आरती मीणा ,महिला बाल विकास से पूनम वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला देवी, शांति मीणा पीएचडी विभाग से नंदराम मीना, शिक्षा विभाग से प्राचार्य अमित कुमार मीणा, कमलेश कुमार गुप्ता, आयुर्वेदिक विभाग से डॉ रमेश चंद कोहली, हल्का पटवारी सविता गुर्जर, विद्युत विभाग से महेंद्र यादव, हरीश महावर जल संसाधन विभाग से सूबेदार सिंह सीबीईओ कार्यालय से कविता शर्मा, समाज कल्याण विभाग से रवि कुमार स्थानीय ग्राम विकास अधिकारी गोरन्ती मीना, एलडीसी कविता परेवा, आनंदी लाल कुमावत, स्थानीय सरपंच उर्मिला बैरवा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहितास शर्मा, वार्ड पंच प्रतिनिधि पवन कुमार शर्मा, पूर्व सरपंच रंगलाल मीणा, मनोहर लाल बैरवा सहित स्थानीय लोग व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने बानसूर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी : शेखावत

### हमारे लिए आदमी गोण पर कमल महत्वपूर्ण-बोहरा

### प्रस्तावित मुख्यमंत्री भजनलाल का बानसूर दौरा 4जुलाई को

### विधायक ने ली भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्त्ताओं की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित एसएमएस स्कूल में विधायक देवीसिंह शेखावत ने भाजपा कार्यकर्त्ताओं और पदाधिकारीयों सहित भाजपा सदस्यों की बैठक ली। बैठक में बताया गया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का प्रस्तावित दौरा 4जुलाई 2025समय दोपहर 2बजे का है। मुख्यमंत्री शर्मा ने बानसूर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी अब आपकी जिम्मेदारी है कि इस कार्यक्रम को सफल बनावें! उन्होंने कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र किसी भी विधानसभा क्षेत्र से विकास कार्यों में पीछे नहीं रहेगा, मैं बोलता कम हूँ और काम में विश्वास अधिक कर्ता हूँ। वहीं भाजपा अलवर उत्तर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि हम भाजपाईयों के लिए आदमी महत्वपूर्ण नहीं बल्कि कमल का निशान महत्वपूर्ण है। राजस्थान में आज कमल का पहला निशान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा है इसलिए यह कार्यक्रम हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। हम सबको मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। इस मौके पर भाजपा नेता रमेश रावत, सज्जन मिश्रा, रामानंद दीक्षित, व एडवोकेट अशोक भरगड़ ने भी सम्बोधित किया। वहीं भाजपा नेता अंकुर दायमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल का स्वागत जीतने जोरदार तरीके से होगा विकास भी जोरदार ही होगा। मैं भी गाँव -गाँव, ढाणी -ढाणी डोलकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयास करूँगा। सभी कार्यकर्त्ताओं ने सहमति जताते हुए दायमा का समर्थन किया। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, पांचों मण्डल अध्यक्षो सहित अनेक भाजपा कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रेम विवाह के 6 माह बाद युवती ने लगाया फंदा : ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप, परिजन बोले कि मानसिक रूप से टॉर्चर किया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर के वैशाली नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम महिला(22) ने किराए के मकान में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने 6 महीने पहले ही प्रेम विवाह किया था। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान आरती सैनी के रूप में हुई है। उसने दिसंबर 2024 में प्रकाश चंद बैरवा से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों खुदनपुरी में किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों परिवार इस शादी से खुश नहीं थे। आरती ने विवाह के बाद से अपने परिवार से कोई संपर्क नहीं रखा था। मृतका का पति प्रकाश चंद बेरोजगार है।

### एसडीएम जांच कर रहे हैं

**वैशाली नगर थाने के एसआई गुरुदत्त सैनी ने कहा कि मृग दर्ज कर एसडीएम जांच कर रहे हैं। परिजनों की दहेज प्रताड़ना का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार जांच की जाएगी।**

### बेटी को शारीरिक रूप से टॉर्चर किया

गिरीराज सैनी (आरती के पिता) ने बताया- मेरी बेटी आरती ने दिसंबर 2024 में प्रकाश चंद के साथ भागकर प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों खुदनपुरी में किराए के मकान में रह रहे थे। मंगलवार की देर शाम को वैशाली नगर थाना पुलिस ने मुझे सूचना दी कि मेरी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। जब मैं अस्पताल पहुंचा और आरती को देखा, तो स्पष्ट था कि उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया था। इसी कारण उसने यह कदम उठाया होगा। इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। हालांकि आरती ने अपनी मर्जी से शादी की थी, लेकिन मुझे पूरी आशंका है कि वह बिना किसी गंभीर कारण के आत्महत्या नहीं कर सकती। उसे निश्चित रूप से प्रताड़ित किया गया होगा। आरती का पति बेरोजगार है, लेकिन अभी तक फांसी लगाने के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# सीवरेज कनेक्शन का कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश, कचरा प्रबंधन की मॉनिटरिंग करें अधिकारी : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शहर मे सिवरेज व अन्य विभाज्य कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कोटा शहर ने दोनों निगमों और केडीए के एवम अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ सीवरेज, नालों की सफाई, कचरा संग्रहण, शमशान गृहों के विकास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना आदि की जानकारी भी ली। कलक्टर समारिया ने कहा कि सीवरेज लाईन एवं हाउस कनेक्शन का कार्य प्राथमिकता के साथ तय समय पर पूरा करें। साथ ही, सीवरेज लाईन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत भी तत्काल समय पर की जाए, जिससे आमजन को परेशानी नहीं हो। उन्होंने नगर निगम उत्तर एवं केडीए द्वारा करवाए जा रहे सीवरेज लाईन एवं कनेक्शन कार्य कर रही ठेकेदार फर्मों के प्रतिनिधियों से अभी तक की प्रगति एवं आगे की कार्ययोजना प्रस्तुत करने को



कहा।

### कुल सवा लाख सीवरेज कनेक्शन का अनुमान

अधिकारियों ने बताया कि शहर में वर्तमान में 8 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित हैं। आरयूआईडीपी फेज-3 के तहत अभी तक करीब 43 हजार कनेक्शन किए जा चुके हैं। अमृत-2.0 के तहत नगर निगम उत्तर द्वारा 21 हजार 800 प्रॉपर्टी कनेक्शन प्रस्तावित हैं। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा 56 हजार से अधिक कनेक्शन किए जाने का लक्ष्य है। सभी सीवरेज कनेक्शन का कार्य पूरा होने के बाद शहर में सवा लाख सीवरेज कनेक्शन हो जाएंगे और शहर का एक बड़ा हिस्सा सीवरेज नेटवर्क से जुड़ जाएगा।

### सफाई मॉनिटरिंग के लिए मोबाईल ऐप जल्दी होगी शुरू

नगर निगम उत्तर के आयुक्त ने बताया कि 70 वार्डों में टीपर के माध्यम से कचरा प्रतिदिन एकत्र कर ट्रांसफर स्टेशन पहुंचाया जाता है और वहां से प्रतिदिन 550 टीपीडी कचरा नांता ट्रैंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जा रहा है।मुख्य बाजारों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था ,शुरू है। कचरा संग्रहण व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए एक मोबाईल ऐप विकसित किया गया है जिसमें कोई भी नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है और उसके निस्तारण होने का मैसेज भी उसके मोबाईल पर भेजा जाएगा। यह ऐप जल्द ही लॉन्च किया जाएगा।

### शमशान गृहों पर होगी सुविधाएं विकसित

निगम अधिकारियों ने जिला कलेक्टर को बताया कि नगर निगम उत्तर की ओर से अभी 10 शमशानों के विकास के लिए गुरुवार को निविदा आमंत्रित की जाएंगी। बाकी के लिए भी जल्दी ही निविदा आमंत्रित की जाएंगी। नगर निगम दक्षिण द्वारा 7 शमशान गृहों में रिनोवेशन के साथ ही प्रतीक्षालय, शेड, बेंच, महिला एवं पुरुषों के लिए स्नानागार सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### बरसाती नालों की सफाई के बारे में पूछा

निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में 126 छोटे-बड़े नाले हैं जिनमें से 87 प्रमुख बड़े नालों की सफाई ठेके पर करवाई गई। 18 नालों की सफाई मैन्युअल करवाई जा रही है। संकरी गलियों में स्थित छोटे नालों में ट्रैक्टर के माध्यम से सिल्ट निस्तारण करवाया जा रहा है।

### निगम अधिकारियों ने बताई परेशानी पशुओं को गाड़ियों से जबरन छुड़ाकर ले जाते है लोग

कलेक्टर समारिया ने जब सड़को पर से पशुओ के पकड़े और कारवाही मे केवल,30 सिर्फ 30 हजार रूपए की पेनल्टी एकत्र होने पर उन्होंने सवाल किया कि पशु इतने पकड़े जाते हैं तो पेनल्टी क्यों नहीं ली जा रही। जिस पर निगम अधिकारियों ने बताया कि लोग अपने पशु निगम की गाड़ियों से छुड़ाकर ले जाते हैं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव, उत्तर आयुक्त अशोक त्यागी, केडीए के निदेशक तकनीकी रविंद्र माथुर, जिला प्रबन्धक एनयूएलएम हेमलता गांधी, दोनों निगमों के अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# कोटा के किसान की बेटी महक एशिया कप में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

### 75 किलोग्राम वेट कैटेगरी में खेलेगी, चीन में 2 से 7 जुलाई तक होगी वूशु प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा के पास के बूंदी जिले के छोटे से गांव सीन्ता से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोटा को पहचान दिलाने वाली महक शर्मा अब एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। यह प्रतियोगिता 2 जुलाई से 7 जुलाई तक चीन में आयोजित होगी। महक शर्मा, किसान अशोक शर्मा और सरिता शर्मा की बेटी हैं, जिन्होंने पिछले वर्ष चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते। इनमें खेलो इंडिया वूमेंस लीग, नेशनल गेम्स उत्तराखंड, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, महक ने भारतीय टीम के चयन ट्रायल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे वह इंडिया कैंप और अंतरराष्ट्रीय कैंप के लिए चुनी गईं। कोटा वूशु एसोसिएशन के महासचिव और महक के कोच अशोक गौतम ने बताया कि पिछले महीने 1 जून से 1 जुलाई के बीच चीन में एक अंतरराष्ट्रीय कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें राजस्थान से तीन खिलाड़ी जयपुर की जानवी मेहरा, गंगानगर की निकिता बंसल और कोटा की महक शर्मा का चयन हुआ। कैंप के बाद, महक 75 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। महक के नेतृत्व में कोटा महाबली स्पोर्ट एकेडमी से अब तक छह खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इनमें चार बालिकाएं याशिता कुमावत, दिव्यांशी और महक शर्मा और दो बालक महिपाल सिंह गुर्जर और तौसिफ हसन शामिल हैं। महिपाल सिंह ने 2013 में पहली बार राजस्थान को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक दिलाया था।

# पीटेट 2025 का परिणाम घोषित, जयपुर के नितेश, बालोतरा के जगदीश और बाड़मेर के सुमित टॉपर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी (वीएमओयू) कोटा द्वारा आयोजित प्री-टीचर एजुकेशन टेस्ट 2025 का परीक्षा परिणाम बुधवार को जयपुर में जारी किया गया। परिणाम घोषित करने के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा और कुलपति प्रो. सोडाणी ने टॉपर्स को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दो वर्षीय बीएड और चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए/बीएससी-बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित इस प्रवेश परीक्षा का परिणाम एक समारोह में कंप्यूटर के माध्यम से जारी किया गया। कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने जानकारी दी कि दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में जयपुर के नितेश गढ़वाल ने 88.17 प्रतिशत (529 अंक) के साथ टॉप किया है। वहीं, बीए-बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स में बालोतरा के जगदीश चौधरी 80.17 प्रतिशत (481 अंक) के साथ प्रथम स्थान पर रहे। बीएससी-बीएड कोर्स में बाड़मेर के सुमित ने 79.67 प्रतिशत (478 अंक) के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।दो वर्षीय बीएड कोर्स मे द्वितीय स्थान पर बलोतरा के जालू राम 87.82प्रतिशत (527 अंक) तो तृतीय स्थान पर फलोदी निवासी धर्मेन्द्र 87.67प्रतिशत (526 अंक) रहे। बीए-बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स मे द्वितीय स्थान पर फलोदी निवासी सुरभि 79.33प्रतिशत (476 अंक) तथा तृतीय स्थान (संयुक्त)- अनुप्रिया राठौर, अजमेर और स्वधा सेन, बारां — 79.17प्रतिशत (475 अंक) रही। बीएससी-बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स मे द्वितीय स्थान पर बारा के अल्पेश खान मंसूरी 78.33प्रतिशत (470 अंक) तृतीय स्थान श्रीगंगानगर के प्रांजल बिश्नोई 78.17प्रतिशत (469 अंक) ने बाजी मारी।

### केवल 16 दिनों मे परिणाम घोषित

परीक्षा समन्वयक डॉ. आलोक चौहान ने बताया कि 15 जून को आयोजित इस परीक्षा का परिणाम केवल 16 दिन के भीतर घोषित कर दिया गया है। प्रदेश के 41 जिलों के 736 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 2.41 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। परिणाम जारी होने के बाद जल्द ही बीएड कॉलेजों में काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# बढ़ते जलस्तर को देखते हुए कलक्टर का बैराज निरीक्षण, दसतर्कता और समन्वय के निर्देश

## 24 घंटे निगरानी, आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था के प्रभावी निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** जिले में हो रही लगातार बारिश और बांधों से छोड़े जा रहे पानी के मद्देनज़र जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को कोटा बैराज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैराज की जल आवक, भराव क्षमता, गेटों की स्थिति और निचले क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल प्रबंधन के हर पहलू पर 24 घंटे सतर्क निगरानी रखी जाए तथा कैचमेंट एरिया में हो रही वर्षा की लगातार सूचना संग्रहित की जाए।

### जल आवक, भराव और कैचमेंट पर निगरानी

कलक्टर ने कहा कि कोटा बैराज की भराव क्षमता एवं जल की आवक पर सतत नजर रखी जाए। कैचमेंट क्षेत्र में हो रही बारिश की सूचना पर विशेष निगरानी रखी जाए क्योंकि वही आगामी जलस्तर का संकेत देती है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी जल संसाधन विभाग, आपदा प्रबंधन इकाई समन्वय में रहें।

### गेट संचालन और स्टाफ प्रबंधन के निर्देश

बैराज निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बैराज गेटों के संचालन और तकनीकी स्थिति की समीक्षा की। कार्यपालक अभियंता सुनील गुप्ता ने कलक्टर को बताया कि गेटों के संचालन हेतु आवश्यक संसाधन, उपकरण और स्टाफ उपलब्ध हैं और उन्होंने बताया बांध की संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण के लिए बजट स्वीकृत हुआ है, जिस पर कार्य जल्द प्रारंभ होगा। कलक्टर ने निर्देश दिए कि बैराज पर 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी परिस्थिति में तत्काल निर्णय लिया जा सके।

### निचले क्षेत्रों में बढ़ाई जाए सतर्कता

कलक्टर सामरिया ने निर्देश दिए कि बैराज से लगे निचले इलाकों और नदी किनारे बसी बस्तियों में विशेष सतर्कता बरती जाए। आबादी वाले क्षेत्रों में प्रशासन की टीमें सतत निगरानी करें और आवश्यकता अनुसार अलर्ट या खाली



कराने की तैयारियां रखें।

### आपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस की सरि यता आवश्यक

कलक्टर ने आपदा प्रबंधन इकाई को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक उपकरण—बोट, लाइफ जैकेट, रेस्क्यू किट, सायरन सिस्टम आदि—सक्रिय अवस्था में रहें। उन्होंने सिविल डिफेंस, होमगार्ड्स, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित हो तथा वहां सूचनाएं त्वरित गति से अपडेट होती रहें।

### बैराज पर लगे चेतावनी संकेत और व्यवस्था

कलक्टर सामरिया ने बैराज के आसपास आम लोगों को नियंत्रित करने के लिए चेतावनी संकेत एवं बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के सभी मापदंडों का पालन किया जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त स्थिति में न पहुंचे।

# लायंस क्लब कोटा स्टार द्वारा डॉक्टर्स डे पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** लायंस क्लब कोटा स्टार द्वारा डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले डॉक्टर्स को स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा अपर्णा उड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र सोयल का जन्मदिवस व डॉक्टर्स डे के अवसर पर केक काट कर मनाया गया साथ में डॉ मनोज सिंघल, डॉ बी के मंडावत डॉ राजमल मीणा, डॉ राजीव मीणा, डॉ मुकेश नागर उपस्थित सभी वरिष्ठ चिकित्सकों को उनके सेवा भाव, समर्पण और मानवता के प्रति निष्ठा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। क्लब एडमिनिस्ट्रेशन लायन नरेश शर्मा ने बताया कि चिकित्सा को मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम बताते हुए डॉक्टरों के समर्पण की सराहना की उनके सतत सेवाभाव, नैतिक चिकित्सा पद्धति और मरीजों के प्रति विशेष संवेदनशीलता के लिए का सम्मान किया गया। क्लब प्रथम उपाध्यक्ष लायन महावीर मेघवाल ने इस अवसर पर कहा, डॉक्टर्स समाज के सच्चे रक्षक हैं, जिन्होंने ने हर परिस्थिति में नि:स्वार्थ सेवा दी है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दौरे को लेकर भाजपा नगर मण्डल की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ सांगोद ( विनोद गौड़ )।** सांगोद में सीएम भजनलाल शर्मा एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के दौरे को लेकर भाजपा नगर मण्डल की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी ने बताया कि बैठक में भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल सांगोद के पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि



सांगोद नगर में आगामी 7 जुलाई को महाराव भीमसिंह स्टेडियम में राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन को लेकर जिला उपाध्यक्ष दिलीप गर्ग, अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी ने नगर मण्डल पदाधिकारियों व बूथ अध्यक्षों जिम्मेदारी सोंपी गई। बूथ पर बैठक लेकर घर घर सम्पर्क कर सांगोद के प्रत्येक आमजन से सम्पर्क किया जाए। प्रत्येक बूथ पर प्रभारी नियुक्त की गए। जो आगामी दिनों में बूथ पर पहुँच कर बैठक आहूत करने की जिम्मेदारी सोंपी गई। सांगोद नगर को सजाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के ऊर्जावान अध्यक्ष मदन राठौर के जन्मदिन पर भाजपा नगर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। महामन्त्री बुद्धिप्रकाश राठौर, रासबिहारी सुमन, प्रवीण गर्ग, पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, गोपाल सोनी, उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी, बाबू कदीर, हरिओम जांगिड़, मन्त्री किशन गोचर, हीरालाल रेगर, हेमराज मालव, कृष्ण मुरारी नामा महेन्द्र प्रजापति आदि मौजूद थे।

# आगामी त्योहारों को लेकर सीएलजी की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले गंगधार पुलिस थाना परिसर में उपखंड अधिकारी छत्रपाल चौधरी की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को लेकर सीएलजी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश अटल,थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी सहित गंगधार चौमहला के सीएलजी सदस्य मौजूद रहे, बैठक में आगामी दिनों में निकलने वाले मोहर्रम, सावन माह में होने वाले धार्मिक



कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई, उपखंड अधिकारी छत्रपाल चौधरी ने सभी से अपील करी सभी त्यौहार आपसी प्रेम भाईचारे के साथ मनाए जाए। बैठक में अंजुमन कमेटी सदर चौमहला अमजद अली, गंगधार सदर सलीम खान, व्यापार महासंघ सयोजक दिलीप जैन, किशोर विश्वकर्मा, संजय जैन, अमित अग्रवाल दिलीप मोरी,भव्य गुप्ता, सुप्रीम जैन, आबिद हुसैन, अंशुल पटेल सहित सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।



# कोटा बैराज के खुले 5 गेट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** चंबल के कैचमेंट एरिया में लगातार झमाझम बारिश से वन क्षेत्र के ना लोगों में तूफान आ गया है जिसके चलते चंबल नदी उफान पर है। कोटा में हुए बाढ़ जैसे हालात कच्ची बस्तियों में भरा पानी कोटा बैराज के पांच गेट खोले गए एक ही बारिश में पांच गेट खुलने बड़ी बात है। निचली बस्तियों को खाली कराया जा रहा है वही रामगंज मंडी सुकेत ढाबा दे जैसे ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो रहे हैं।

# डिनर विद डीएम' कार्यक्रम में कलेक्टर पीयूष समारिया ने छात्रों से की प्रेरक बातचीत

## ीवन की यात्रा में अनुशासन है पतवार, आत्मबल है मार्गदर्शक - डीएम समारिया ने छात्रों को दिए सफलता के सूत्र, भावनात्मक मजबूती, असफलता, फोमो और लक्ष्य निर्धारण पर दिए व्यावहारिक सुझा

बढ़ता राजस्थान

कोटा,(दामोदर सिंह)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को लैंडमार्क स्थित छात्रावास में आयोजित 'डिनर विद डीएम' कार्यक्रम में छात्राओं से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने परीक्षाओं की तैयारी, असफलता से उबरने, भावनात्मक मजबूती, डिजिटल तकनीक के संतुलित उपयोग और आत्मविश्वास को लेकर कई प्रेरक उदाहरण दिए। उन्होंने छात्रों के सवालों के बेहद आत्मीयता से जवाब दिए।

### तैयारी के बाद भी स्कोर कम क्यों आता है?

इस प्रश्न पर उन्होंने कहा कि छात्रों को आत्म अवलोकन और आत्म मंथन करना चाहिए। समझें कि गलती कहाँ हुई - रणनीति, एकाग्रता या समय प्रबंधन में। खुद से संवाद करें - यह सबसे जरूरी पहला कदम है।



फोटो-जगदीश गुप्ता

### सेल्फ डाउट और अवसाद के दौर में क्या करें?

कलेक्टर ने बताया कि आत्म-संदेह और अवसाद जैसी स्थितियाँ असामान्य नहीं हैं। उन्होंने कहा - आज टेक्नोलॉजी एक डिजिटल गाइडिंग फोर्स है, आप उसका सहारा लें लेकिन उसकी गिरफ्त में न आएं। उन्होंने डिजिटल डिटॉक्स की बात भी कही और सुझाव दिया कि तकनीक का उपयोग सही मात्रा में और सकारात्मक उद्देश्य के लिए करें।

### कलेक्टर ने एक प्रेरक उदाहरण साझा किया

पुराने समय में जहाज बिना किसी नेविगेशन टेक्नोलॉजी के भी समंदर में लक्ष्य तक पहुंच जाते थे, क्योंकि उनके पास साहस, संकल्प और धैर्य होता था। आज हमारे पास डिजिटल गाइडेंस है, फिर भी दिशा भटकते हैं क्योंकि आत्मबल की कमी होती है। उन्होंने कहा कि आत्मबल और धैर्य, लक्ष्य पाने की सबसे बड़ी ताकत हैं।

### एग्जाम के पहले सब भूल जाने का डर

कलेक्टर समारिया ने बताया कि परीक्षा से पहले ऐसा महसूस होना कि कुछ याद नहीं है, सब भूल गया हूँ - बहुत सामान्य बात है। यह घबराहट का संकेत नहीं बल्कि परीक्षा के प्रति गंभीरता दर्शाता है। किसी से तुलना न करें - हर छात्र की स्मरणशक्ति और सीखने का तरीका अलग होता है।

### यूपीएससी जैसे बड़े लक्ष्य कैसे पाएं?

कलेक्टर ने कहा - अनुशासन ही सफलता की असली चाबी है। अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है और आप नियमित हैं, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं।

### पढ़ाई में मन कैसे लगाएं?

उन्होंने सुझाव दिया कि अध्ययन की शुरुआत अपने रुचिकर विषयों से करें। मुश्किल विषयों के लिए रणनीति बनाएं। समय के साथ ध्यान केंद्रित करना स्वत: आसान हो जाता है।

### क्रिकेट और ट्रेन का उदाहरण देते हुए समझाया अनिश्चितता का महत्व

उन्होंने कहा - कभी कोई बल्लेबाज शतक लगाता है, कभी पहली ही गेंद पर आउट हो जाता है - यही प्रतियोगी परीक्षाओं की अनिश्चितता भी है। लेकिन हमें हर बार मैदान में उतरना होता है।

एक और उदाहरण देते हुए कहा - जब हम ट्रेन में चढ़ते हैं तो हम हर वक्त यह नहीं सोचते कि ड्राइवर सही चला रहा है या नहीं। हम बस भरोसा रखते हैं कि वह हमें गंतव्य तक ले जाएगा। वैसे ही, हमें अपनी तैयारी की प्रक्रिया पर विश्वास करना चाहिए।

कार्यक्रम में होस्टल एसोसिएशन अध्यक्ष विश्वनाथ शर्मा, पद्म जैन, छात्रावास स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

## आंगनबाड़ियों की ढांचागत स्थिति की हो नियमित ऑनलाइन मॉनिटरिंग – निदेशक, आईसीडीएस



बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। समेकित बाल विकास सेवाएं(आईसीडीएस) के निदेशक श्री वासुदेव मालावत ने निर्देश दिए हैं कि महिला पर्यवेक्षक के दैनिक निरीक्षण की बेहतर ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की सुविधाओं तथा आधारभूत संरचना की वस्तुस्थिति एवं गेप एनालिसिस के लिए एक ऑनलाइन मॉड्यूल/मोबाइल ऐप तैयार किया जावे। इसके आधार पर पॉलिसी को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करते हुए योजनाओं की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। मालावत ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ियों की ढांचागत वस्तुस्थिति की जानकारी कार्यकर्ताओं द्वारा ऐप के माध्यम से प्रेषित की जावे, जिससे आंगनबाड़ियों का सुदृढीकरण किया जा सकें। बैठक में आईसीडीएस के उप निदेशक (प्रशिक्षण) श्री बनवारी लाल सिनसिनवार, उपनिदेशक (आईईसी) श्री धर्मवीर मीणा एवं एनालिस्टकम कम प्रोग्राम वर्षा शर्मा, जेपीसी द्वितीय, श्री ओ.पी. सैनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग ने चलाया जांच अभियान

### किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद एवं कीटनासक की उपलब्धता के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )। जिला कलक्टर कमर चौधरी के निर्देष पर कृषि विभाग ने जिले में आदान विक्रेताओं की जांच एवं बीज, उर्वरक तथा कीटनासकों के नमूने लेने का विषेष अभियान शिरू किया है, जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण, उर्वरक, बीज एवं कीटनासक उपलब्ध हो सके।संयुक्त निदेशक कृषि विभाग सुरेश गुप्ता ने बताया कि जिले में किसानों को खरीब की फसलों की बुवाई के समय अच्छी गुणवत्ता का बीज मिल सकें तथा फर्टिलाइजर, कीटनासक मिल सके इसके लिए जिलेभर में कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि किसानों को सभी सामग्री गुणवत्तापूर्ण एवं सही निर्धारित दरों पर उपलब्ध हो इसकी निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर जिले में अब तक उर्वरकों के 39 नमूने, बीज के 105 नमूने तथा कीटनासकों के 6 नमूने लेकर जांच के लिए लबोरेट्री को भिजवाये गये है।संयुक्त निदेषक ने जिले के किसानों को आव्हान किया है कि किसी भी स्थान पर उर्वरक, बीज या कीटनासक की गुणवत्ता पर संदेह हो तो तुरंत स्थानीय कृषि पर्यवेक्षकों, कृषि अधिकारियों को सुचना दे जिससे नमूने लेकर जांच की जा सके।

## जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ में किया रुद्राभिषेक, राष्ट्र कल्याण एवं जनसुख-समृद्धि की कामना की



बढ़ता राजस्थान

अजमेर( घनश्याम दास )। अजमेर राजस्थान के जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत बुधवार को पुष्कर स्थित श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ में आयोजित एक पावन धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित हुए। एडवोकेट जेपी शर्मा (लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक) द्वारा आयोजित रुद्राभिषेक एवं रुद्रपाठ के शुभ अवसर पर श्री रावत ने भगवान नीलकंठ महादेव का दुग्धाभिषेक किया एवं विधिवत पूजन-अर्चन कर राष्ट्र कल्याण, प्रदेश की उन्नति तथा आमजन के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस अवसर पर वेदाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं शास्त्रोक्त विधियों के साथ रुद्राभिषेक संपन्न हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण दिव्यता एवं श्रद्धा से आलोकित हो उठा। मंत्री श्री रावत ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से केवल आध्यात्मिक शांति ही नहीं, अपितु सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को भी बल मिलता है। उन्होंने आयोजक श्री जेपी शर्मा एवं समस्त वेदाचार्यगणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पुष्कर की धरती पर वैदिक परंपरा का यह जीवंत रूप हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

## ऊर्जा मंत्री ने किया पौधारोपण 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' में ऊर्जा विभाग के कार्मिक भी देंगे योगदान

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। 'एक पेड़ मां के नाम-हरयालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान में ऊर्जा विभाग भी अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाएगा। मानसून के दौरान प्रदेशभर में विभाग की ओर से थर्मल इकाइयों, ग्रिड सब स्टेशनों, कार्यालय परिसरों आदि में वृहद् स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर ने बुधवार को सेन्ट्रल पार्क में पौधारोपण के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से देशवासियों को प्रकृति से जोड़ने का महत्ती संकल्प लिया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 'एक पेड़ मां के नाम-हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण महाभियान' के माध्यम से प्रदेश को हरा-भरा बनाने में जन-जन से भागीदारी का आह्वान किया है। नागर ने कहा कि ऊर्जा विभाग के कार्मिक अधिक से अधिक पौधे लगाकर शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की प्राप्ति में अपना योगदान देंगे। ऊर्जा मंत्री के साथ ही विभाग के कार्मिकों ने भी इस दौरान गुलमोहर, आम आदि के पौधे लगाए।



## चिकित्सा मंत्री ने की समीक्षा, मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंधन करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में मानसून का दौर प्रारंभ हो चुका है। इसे देखते हुए सभी जिलों में मौसमी बीमारियों पर रोकथाम, जांच एवं उपचार के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिन जिलों में बारिश अधिक हो रही है, वहां विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि मौसमी बीमारियों के केस नियंत्रण में रहें।

चिकित्सा मंत्री बुधवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियों सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संभाग एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से चर्चा कर मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा—निर्देश दिए।

खींवसर ने कहा कि विगत वर्ष मौसमी बीमारियों पर प्रभावी रोकथाम की गई थी, जिसके चलते केसों की संख्या कम रही और मौतें भी नगण्य रहीं। इस वर्ष भी माकूल प्रबंधन करते हुए मौसमी बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी मानव संसाधन की और आवश्यकता है, तत्काल अवगत कराएं। अस्पतालों में दवाओं की समुचित उपलब्धता और जांच उपकरणों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मौसमी बीमारियों के बारे में नियमित रूप से रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।



नए चिकित्सा संस्थानों के लिए जमीन आवंटन की कार्यवाही को प्राथमिकता दें

खींवसर ने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत प्रदेशभर में स्वीकृत नए चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संबंधित जिला कलक्टर के माध्यम से जमीन आवंटन की कार्यवाही को पूरा कराने में गंभीरता बरतें, ताकि नए संस्थानों के भवनों का जल्द निर्माण हो और प्रदेश में स्वास्थ्य का आधारभूत ढांचा मजबूत हो।

**ज्यादा से ज्यादा ग्राम पंचायतों को कराएं टीबी मुक्त**

चिकित्सा मंत्री ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा करते हुए प्रदेश की अधिकाधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग, जांच एवं उपचार गतिविधियां व्यापक स्तर पर संचालित हो। आमजन को जागरूक कर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाएं।

**अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहें, स्वास्थ्य कार्यक्रमों का हो प्रभावी क्रियान्वयन**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सीएमएचओ यह ध्यान रखें कि चिकित्सा संस्थानों में जांच एवं उपचार की व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहे। दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता हो और स्टाफ अनुपस्थित नहीं रहे।

## बरसात के मौसम में पानी बहाव वाले स्थानों पर नागरिक अनावश्यक जाने से बचें- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बरज़सात के मौसम को देखते हुए आम नागरिकों को आव्हान किया है कि नदी, नालों, झरनों, तालाबों एवं पानी बहाव वाले स्थानों पर भ्रमण से बचें तथा युवाओं को इनमें नहाने से राकें। जिला कलक्टर ने बताया कि बरसात के मौसम में नागरिक खासतौर पर युवा वर्ग भ्रमण के लिए जलस्त्रोतों वाले स्थानों पर जाते रहते है। जिसके कारण अनेकबार असावधानी के कारण दुर्घटना होने का अंदेषा रहता है। उन्होंने बताया कि जिले में नदियों के बहाव क्षेत्र, झरनों, तालाबों में बरसात के दौरान आकस्मिक रूप से पानी का तेज बहाव कभी भी आ सकता है। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना रहती है। नदी के बहाव क्षेत्रों, तालाबों में पानी भरे रहने के दौरान गहराई का पता नहीं चल पाता है। उन्होंने जिले के आम नागरिकों को आव्हान किया है कि बरसात के मौसम में ऐसे स्थानों पर अनावष्यक नहीं जायें तथा युवाओं, बच्चों को पानी भराव वाले स्थानों, नदी, नालों में नहाने नहीं जाने दें। जिला कलक्टर ने जिले में होकर गुजर रही बरसाती नदियों के आसपास बसे हुए गांवों के नागरिकों को भी आव्हान किया है कि नदियों के बहाव क्षेत्र में जाते समय सावधानी रखें तथा अपने पषुधन को भी नदी के बहाव क्षेत्र से दूर रखें।

सड़कों की रपट को देखकर पार करें–

जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरएसआरडीसी एवं सबन्धित विभागों को निर्देष दिये है कि ऐसी सड़कें जिनपर रपट बनी हुई है जिसमें होकर पानी के बहाव के समय अधिक पानी आने की संभावना रहती है वहां चेतावनी बोर्ड लगवायें। उन्होंने आम नागरिकों को भी आव्हान किया है कि ऐसे मार्गों से वाहन निकालते समय पानी की आवक को देखकर एवं चेतावनी बोर्ड पर लिखे निर्देषों की पालना करते सड़क पार करें।

## आबकारी विभाग की स्वीकृति से शराब ठेकेदार ने खोला खेत में कंटेनरनुमा गोदाम

### परिजन पहुंचे सामूहिक रूप से विद्यालय टीसी लेने

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )। बयाना उपखंड क्षेत्र के बिडयारी गाँव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप नावली रोड पर एक खेत में आबकारी विभाग की अनुमति से खोले गए कंटेनरनुमा शराब गोदाम के विरोध में बिडयारी और आसपास के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। ग्रामीणों ने स्कूल प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपकर अपने बच्चों की सामूहिक टीसी काटने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के पास बनाए गए शराब गोदाम की वजह से बच्चों का सुरक्षित स्कूल आना-जाना मुश्किल हो गया है जहां अवैध रूप से खुलेआम शराब बेची जा रही है। बताया गया कि इस रास्ते से नगला पुरोहित, नगला तोता और नगला छीतरिया के दर्जनों छात्र-छात्राएं स्कूल आते हैं लेकिन शराबियों की मौजूदगी और आए दिन हो रही अशांति के चलते बच्चे डर के साए में हैं। कई बच्चों ने तो स्कूल आना ही बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने अनुसार बीते एक महीने से शराब गोदाम को दूसरी जगह शिफ्ट करने की आबकारी अधिकारी से लेकर स्थानीय प्रशासन तक मांग की गई लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं।

## अंत्योदय संबल अभियान में घर का सपना हुआ पूरा, मिला आवासीय पट्टा

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति भुसावर की ग्राम पंचायत इटामडा में आयोजित शिविर में श्रीमति रामकली पत्नि श्री रामसहाय गुर्जर को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इस परिवार को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

ग्राम पंचायत इटामडा निवासी श्रीमति रामकली के पास घर बनवाने के लिए पैसों की कमी थी। उसने बैंक से लोन लेने हेतु कई बार प्रयास किया जो पट्टे के अभाव में असफल रहा। रामकली को पडोसियों के द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाडा के बारे में जानकारी मिली। अपनी समस्या के समाधान के लिए गोगेरा स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर आयोजित षिविर में पहुॅची। कैम्प प्रभारी विकास अधिकारी भुसावर से मिलकर स्वामित्व पट्टे की समस्या के बारे में अवगत कराया। कैम्प प्रभारी ने पट्टे से संबंधित समस्त दस्तावेजों की कार्यवाही पूर्ण की गई। श्रीमति रामकली को शिविर में मौके पर ही ग्राम पंचायत के द्वारा पट्टा जारी कर दिया गया।

श्रीमति रामकली ने बिना किसी परेषानी एवं मौके पर ही योजना से लाभान्वित किये जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बूबानी ग्राम में अंत्योदय संबल शिविर का किया निरीक्षण

## जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

बढ़ता राजस्थान

अजमेर( घनश्याम दास )। राजस्थान सरकार के यशस्वी जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बूबानी में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जनकल्याणकारी शिविर का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री रावत ने प्रत्येक विभाग की स्टॉल पर पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मंत्री रावत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। यह केवल एक शिविर नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच सेतु है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता या जनसुनवाई में उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्य निर्देश

* आमजन के आवेदनों को मौके पर ही निस्तारित करने के सख्त निर्देश।



* जनकल्याणकारी योजनाओं कार्यों की प्रगति की समीक्षा।

* नवाचारों के माध्यम से योजनाओं के सरलीकरण और जनहित में पारदर्शिता को प्राथमिकता देने का आग्रह।

* अधिकारियों को अपने कार्य के प्रति उत्तरदायी, संवेदनशील और तत्पर रहने के निर्देश।

मंत्री श्री रावत ने यह भी कहा कि ग्राम स्तर पर चल रहे इन शिविरों से आमजन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। शासन स्वयं जनता के द्वार आकर सेवा दे रहा है — यह अंत्योदय की सच्ची परिभाषा है।

मंत्री श्री रावत ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, नवप्रवेशित नन्हे विद्यार्थियों को माला पहनाकर कर उत्साहवर्धन किया, विद्यार्थियों को, नि- शुल्क पुस्तकें, नि- शुल्क बीमा पत्र, एकल नारी प्रमाण पत्र, मृदा कार्ड, बंटवारा पत्र, पट्टे, फार्म पोण्ड स्वीकृति पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति आदेश सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में लाभान्वित होने के पत्र वितरण किए।

इसके साथ ही नन्ही बालिकाओं के जन्मदिन के उपलक्ष में शिविरों में ही मंत्री श्री रावत ने केक कटवाकर और ड्रेस भेंट कर बालिका भ्रूण हत्या की रोकथाम का संदेश दिया। साथ उन्होंने अमरपुरा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान का संदेश प्रसारित किया।

# मोहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

## शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** आगामी मोहर्रम पर्व एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना ने की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री मोहनलाल खटनावलिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं समिति के सदस्य-सचिव श्री भूपेंद्र, उपखंड अधिकारी श्री दिव्यांश सिंह, जिले के सभी थानाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक में मोहर्रम पर्व की तैयारियों, कानून-व्यवस्था, परंपरागत ताजिया जुलूसों के रूट, समयबद्धता, सुरक्षा व्यवस्था, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### 22 ताजिए होंगे निकाले, तय होंगे रूट और समय

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र ने बताया कि इस वर्ष जिले में कुल 22 ताजिए निकालने के लिए लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी ताजियादारों को रूट, समय, अनुमति, कानून व्यवस्था और अन्य नियमों की पूरी जानकारी दी तथा सहयोग की अपील की।

### धार्मिक आयोजनों में भाईचारे का संदेश - जिला कलेक्टर

बैठक में जिला कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि ब्यावर शहर हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे के लिए जाना जाता रहा है। सभी धर्मों का सम्मान करना और किसी की भावना को ठेस न पहुंचे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। धार्मिक पर्व अनुशासन और एकता का संदेश देते हैं, इसलिए संयम और सहयोग आवश्यक है।

### सावधानी और सजगता आवश्यक - पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक श्री श्याम सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान सभी लाइसेंसधारी अधिक सतर्क रहें। एक-एक व्यक्ति की जिम्मेदारी होती है कि वह शांति बनाए रखने में अपना योगदान दे। सभी सुझावों और निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए।



### व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

बैठक में साफ-सफाई, बिजली एवं केबल तारों की सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता, सुरक्षा बलों की तैनाती, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, रूट डायवर्जन और साइनबोर्ड आदि व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### सी.एल.जी. बैठकों के आयोजन पर जोर

थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शीघ्र सी.एल.जी. (सिटी लेवल ग्रुप) की बैठक आयोजित करें ताकि स्थानीय स्तर की समस्याओं का समाधान पहले ही किया जा सके।

### सभी समुदायों से शांति और सहयोग की अपील

**बैठक के अंत में जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से सभी समुदायों से अपील की गई कि वे अपने धार्मिक आयोजनों को कानून के दायरे में रहकर, पूर्ण शांति और सौहार्द के साथ सम्पन्न करें तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।**

# आफत बना कीचड़ बच्चे कैसे पहुंचे स्कूल में?

## ग्रांमीण बोले समस्या उठाते है, समाधान कोई नहीं करता

बढ़ता राजस्थान






**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** बारिश के दौर में कीचड़ व गंदे पानी का भराव स्कूली बच्चो के लिए आफत बनने लगे है। स्कूल खुलने के साथ ही स्कूलो में बच्चो का आना जाना शुरू हो गया है। शिक्षण संस्थाओ में एक बार फिर बच्चो की किलकारिया गुजने लग गई है। लेकिन नैनवां ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुन्थली में बच्चे आने से कतरा रहे है। ग्रांमीणो ने बताया कि मेन रोड़ से स्कूल तक पहुँचने वाले आम रास्ते पर बारिश के दौरान कीचड़ एंव गंदा पानी भरा हुआ है। जिसमें होकर बच्चो को पैदल पैदल स्कूल आना पड़ता है। जिससे बच्चो के कपड़े खराब हो जाते है। कई बार तो बच्चे कीचड़ में गिर जाते है। सामाजिक कार्यकर्ता धनपाल मीणा ने बताया कि पूर्व राज्य मंत्री अशोक चांदना एंव पूर्व जिला प्रमुख के समक्ष भी उस समय इस रास्ते की समस्या को ध्यान में लाया गया था लेकिन आज दिन तक समस्या पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। प्रधान ने दिये निर्देश- सामाजिक कार्यकर्ता धनपाल मीणा ने मौके स्थिति के हालात को दिखाते हुए विडियो एंव फोटो सोशल मीडिया पर डाले जाने पर पंचायत समिति प्रधान पदम नागर ने ग्रांम विकास अधिकारी को पत्र लिख कर स्कूली बच्चो के लिए आम रास्ते को कीचड़ रहित करने का निर्देश दिया गया है। दूसरी ओर स्कूल स्टॉफ भी इस कीचड़ भरे रास्ते से बहुत परेशान है। स्कूल पहुँचने के लिए वे साधन का इंतजार करते रहते है। कई बार तो स्टॉफ को भी कपड़े खराब करके स्कूल में पहुँचना पड़ता है।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में नपा कपासन अध्यक्षा मंजू देवी सोनी भाग लेंगी

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित हो रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में नगर पालिका कपासन अध्यक्षा मंजू देवी सोनी भाग लेंगी। जानकारी अनुसार स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान के निदेशक एवं विशिष्ट सचिव इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार भारतीय संसद द्वारा हरियाणा विधानसभा के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।उक्त सम्मेलन में भाग लेने हेतु नगर पालिका कपासन अध्यक्षा मंजू देवी सोनी को नामांकित किया गया है।इस राष्ट्रीय सम्मेलन का 3 एवं 4 जुलाई 2025 को हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजन होगा।जिसका विषय संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत करने एवं राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका है। उल्लेखनीय है कि देशभर से विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के महापौर,अध्यक्ष एवं सभापतियों को आमंत्रित किया गया है।उक्त सम्मेलन हेतु चितौड़गढ़ जिले की नगर पालिका कपासन की अध्यक्षा मंजू देवी सोनी के नामांकन को क्षैत्र की जनता जनार्दन द्वारा गौरवान्वित रूप में देखा जा रहा है।साथ ही दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में शहरी,लोकतांत्रित सहभागिता तथा स्थानीय शासन की भूमिका पर राष्ट्रीय स्तर पर संवाद का प्रमुख मंच होगा।

# विधायक अशोक कोठारी ने ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार हेतु यूआईटी को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने पटरी पार क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं सड़कों के पुन:निर्माण हेतु यूआईटी सचिव को पत्र लिखा। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि भीलवाड़ा में पहली बारिश के बाद ही कई जगह जल भराव की समस्या सामने आई है, इसी क्रम में व्यापारियों द्वारा गंगापुर चौराहे स्थित मुख्य रोड का बार बार टूटना व जल भराव को लेकर विधायक कार्यालय पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है, जिसमें वहाँ की प्रमुख समस्याएँ जिनका शीघ्र-अतिशीघ्र निराकरण जनहित में करवाया जाए। गंगापुर चौराहा स्थित अम्बाजी मार्केट के वहाँ ड्रेनेज की व्यवस्था सही नहीं होने से आये दिन जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। सर्किट हाउस से अम्बाजी मार्केट तक मुख्य रोड व दुकानों के मध्य खाली स्थल पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का प्रस्ताव पूर्व में आपको दिया जा चुका है। इस हेतु टाइल्स लगाने से पूर्व वहाँ पर ड्रेनेज की व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर उसके पश्चात टाइल्स लगाने का कार्य किया जाए ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या ना हो।गंगापुर चौराहे स्थित रिद्धि सिद्धि मार्केट पुर रोड पर बनी दुकानों से मुख्य मार्ग के मध्य से लगभग 100 फिट भूमिगत नाला बना हुआ है जो कि कब्रिस्तान के सामने बड़ी नाली में गिर रहा है। इस नाले के निर्माण को 10 वर्ष से अधिक हो चुके हैं, चोकिंग व अन्य समस्या से गंगापुर चौराहे पर जल भराव की समस्या बनी रहती है और पानी रोड पर फैल जाता है, जिससे आवागमन व यातायात प्रभावित होता है। वहीं अम्बाजी मार्केट के सामने से गंगापुर चौराहे होते हुए रेलवे फाटक तक मुख्य रोड हर वर्ष टूट जाती है, यह व्यस्तम मार्ग है जहाँ पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चौपहिया, ट्रक, बस एवं भारी वाहनों का आवागमन होता है। प्रतिवर्ष रोड टूटने का मुख्य कारण वहीं ड्रेनेज व्यवस्था का सही नहीं होना है। इस हेतु वहाँ ड्रेनेज व्यवस्था सुधार कर नवीन रोड बनाई जाये ताकि आवागमन में सुविधा हो सके।

# विभिन्न मांगो को लेकर राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी विकास पंचोली को परिषद द्वारा दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण माँगरिया एवं प्रदेश अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा के निर्देशानुसार बुधवार को महामहिम राष्ट्रपति नई दिल्ली भारत सरकार के नाम उपखंड अधिकारी निंबाहेड़ा विकास पंचोली को परिषद के पदाधिकारीयो द्वारा ज्ञापन पेश किया गया। ज्ञापन में सरकारी विभागों एवं निजी संस्थानों में ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर स्थाई नियुक्तियां देकर बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए। निजी संस्थान उद्योगों में जहां पर स्थाई नियुक्तियां देकर कार्य करवाना चाहिए वहां पर ठेकेदारों के द्वारा कामगार लगा कार्य करवाया जा रहा है जो बंद किया जाए एवं शिक्षित बेरोजगारों को स्थाई कर रोजगार दिया जाए। सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति के सरकारी रिक्त पदों पर अनुसूचित जाति जनजाति के शिक्षित बेरोजगारों को ही लगाया जाए। निजी संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाए एवं उन्हें स्थाई नियुक्तियां देकर रोजगार दिया जाए। जनसंख्या के आधार पर सभी वर्गो को आरक्षण दिया जाए। ज्ञापन देते हुए इस अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बिहारीलाल सोलंकी ,प्रदेश महासचिव रामचंद्र बामनिया, प्रदेश सचिव प्रभारी भीलवाड़ा रामचंद्र मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती लक्ष्मी सोलंकी, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राधेश्याम राव ,नगर अध्यक्ष इंद्र लाल भाँबी एडवोकेट नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ चैनना देवी, नगर उपाध्यक्ष मांगीलाल बामनिया ,ब्लॉक युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलखुश मीणा , प्रदेश उपाध्यक्ष सफाई मजदूर कांग्रेस संपत लाल राठौर ,नगर अध्यक्ष नगर पालिका सफाई मजदूर कांग्रेस राजेश रति गंगाराम ,गोपाल लाल, राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# तेज बारिश का दोर जारी रहने से डाबी कस्बे में मूसलाधार तेज बारिश से नदी नाले उफान पर



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में मंगलवार देर रात को डाबी बरड़ क्षेत्र में लगातार तेज बारिश का दोर जारी रहने से डाबी कस्बे में मूसलाधार तेज बारिश से नदी नाले उफान पर आ गये । डाबी पटपड़ियाँ स्टेट हाइवे पर सड़क पर छाँट का खेड़ा पुलिया निर्माण के दौरान संवेदक अस्थाई मिटी की पुलिया बनाई गई थी जो एरू नदी के तेज बहाव में टूट कर बह गई जिससे डाबी से पटपड़ियाँ लांबाखोह नरौली सहित आसपास के गाँवों का संपर्क टूट गया जिससे आवागमन बाधित हो गया । तेज बारिश से राजपुरा पुलिया पर भी पानी पुलिया के ऊपर निकलने से आवागमन बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार डाबी बरड़ क्षेत्र में मौसम विभाग द्वारा जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश होने की संभावना जताई गई थी जिसका असर देखने को मिला कल रात से डाबी बरड़ क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। जिससे कई गांव जलमग्न हो गए। गांवों की गलियों में दो से तीन फीट तक पानी भर गया। कई गांवो के नदी नाले उफान पर आने से गांव के आने जाने के लिए संपर्क टूट ता नजर आये दरअसल, मंगलवार को शुरू हुई तेज बारिश ने ग्रामीण इलाकों को जलमग्न कर दिया है। डाबी बरड़ क्षेत्र के गांव धनेश्वर व सुतड़ा लांबाखोह राजपुरा बुधपुरा गांव में हुई तेज बारिश ने हालात नाजुक कर दिए है। गांवों में जगह-जगह पानी भर गया। ग्रामीण से मिली जानकारी के अनुसार पूरे गांव में हालात बेकाबू हो चुके हैं और गांव की गलियों में दो से तीन फीट तक पानी भर चुका है। गांव में नंदी नाले उफान पर आगये गाँवो में पानी निकासी के लिए बनी नालिया चोक होने से पानी घरो में घुस गांव में जगह-जगह पानी भरने से पशुधन पर पूरी तरह से संकट में आ चुका है। कच्चे मकानों को भी भारी नुकसान की संभावना बनी हुई है गांव की गलियां में लोगों के घर पूरी तरह से जलमग्न हो गए जहाँ बड़े बड़े नाले बने हुए हैं वहाँ स्थति और भी खराब है जंहा मकान नीचे और सड़क ऊपर होने से नालों का पानी सीधा लोगो के घरों में गूस गया तेज बारिश से नदी नाले उफान पर आ गये जिस से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। सुबह से ही ग्रामीणों और मजदूरों ने घरों में बिता रहे है अभी भी जारी है बारिश का दौर जो थमने का नाम नही ले रहा है।

# बाल संरक्षण, बालिका सशक्तिकरण व जोखिम में बच्चों की पहचान हेतु ज़िला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी ज़िले को बाल श्रम से मुक्त बनाने, सभी बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने, बाल अधिकारों की रक्षा, बालिकाओं के सशक्तिकरण और बच्चों को हिंसा व शोषण से मुक्त वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बाल श्रम मुक्त बूंदी एवं यस टू स्कूल अभियान के तहत ज़िला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन महिला अधिकारिता विभाग, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड-यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें ज़िले के फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, बाल संरक्षण हितधारकों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मियों को बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों व बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु सामाजिक व्यवहार परिवर्तन तथा जोखिम में बच्चों की पहचान एवं रिपोर्टिंग के प्रति अधिक संवेदनशील और प्रभावी बनाना था। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता भेरू प्रकाश नागर ने बालिका शिक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा, एक शिक्षित बालिका, एक शिक्षित पीढ़ी की नींव है। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई स्थानों पर लड़कियों को शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है, इसलिए 'अभिभावक संवाद' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ाना आवश्यक हैं। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता हुकमचंद जाजोरिया ने बताया कि जिले में ग्राम स्तर तक समन्वित विभागीय प्रयासों के माध्यम से बाल श्रम, भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की पहचान, रेस्क्यू, पुनर्वास और शिक्षा से जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी।




# गिव-अप अभियान की अवधि 31 अगस्त तक बढ़ी, अपात्रों से होगी वसूली

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए गिव-अप अभियान की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2025 तक बढ़ा दी हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र लोगों को हटाकर वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाना हैं। खाद्य मंत्री श्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार, यह अभियान जो 1 नवम्बर 2024 को प्रारम्भ हुआ था, अब और अधिक समय तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत ऐसे परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ स्वेच्छा से छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है जो निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। इन मानदंडों में परिवार में किसी सदस्य का आयकर दाता होना, सरकारी कर्मचारी होना, एक लाख रुपये से अधिक की वार्षिक पारिवारिक आय होना या ट्रैक्टर को छोड़कर चार पहिया वाहन का स्वामी होना शामिल हैं। जिला रसद अधिकारी शिवजीराम जाट ने बताया कि अभियान के परिणामस्वरूप अब तक बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ा हैं, जिससे राज्य सरकार पर पड़ने वाले लगभग 409.39 करोड़ रुपये के वार्षिक वित्तीय भार में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि बूंदी जिले में इस अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली है। अब तक कुल 64,237 व्यक्तियों ने खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ा हैं। इनमें से 36,591 लोगों ने स्वेच्छा से अपना नाम वापस लिया, जबकि 27,646 लोगों को ई-केवाईसी नहीं करवाने के कारण योजना से हटाया गया हैं। उन्होंने बताया कि अपात्र होने के बावजूद गेहूं उठा रहे लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही हैं। बूंदी जिले में अब तक 335 अपात्र लोगों को वसूली नोटिस जारी किए जा चुके हैं और उनसे वसूली की प्रक्रिया जारी हैं। इस कदम से रिक्त हुए स्थानों पर पात्र लाभार्थियों को

# एकमुश्त समाधान योजना के तहत 30 सितम्बर तक ऋण जमा कराने पर ब्याज में छूट

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राज्य सरकार के बजट घोषणा 2025-2026 के तहत प्रदेश मे राज. अनुसुचित जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम भीलवाड़ा से अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछडे वर्गों को 31 मार्च 2025 तक वितरित किये गये ऋणों पर राहत प्रदान करते हुए अतिदेय मूलधन देय राशि 30 सितम्बर 2025 तक जमा कराये जाने पर अतिदेय ब्याज एवं पेनल्टी की राशि की शत-प्रतिशत छूट दी जायेगी। परियोजना प्रबंधक राज अनु. जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड, भीलवाड़ा ने बताया कि भीलवाड़ा जिले के ऋणी जिन्होने अनुजा निगम से ऋण लिया है, ऐसे समस्त बकाया ऋणी एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठा सकते है। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि योजना का प्रथम चरण 1 मई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक लागू रहेगा, जिसमें एकमुश्त भुगतान करने पर साधारण ब्याज व दण्डनीय ब्याज माफ किया जायेगा।

# जिला परिषद बूंदी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव मिला, मौत से हड़कंप

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला परिषद बूंदी में प्रतिनियुक्ति पर तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजू बुधवार सुबह मृत अवस्था में पाया गया। राजू नाइट ड्यूटी पर था और सुबह जब अन्य कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो उसे सोफे पर मृत पाया। इस घटना से जिला परिषद स्टाफ में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, मृतक कर्मचारी राजू जवाहर सागर डैम का निवासी था, और सिंचाई विभाग से जिला परिषद में डेपुटेशन पर आया हुआ था।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



"जीवन एक उतार चढ़ाव का खेल है, इन्हे स्वयं पर हावी न होने दे ना तो चढ़ाव हमेशा है और न ही उतार।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## कमिश्नर ने कहा- डोर-टू-डोर कचरा संग्रह लापरवाही पर लगाए पेनल्टी

### विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर जताई नाराजगी, कहा ऑनलाइन पेंडेंसी नहीं करुंगी बर्दाश्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज कमिश्नर डॉ निधि पटेल एक्शन मोड में आ गई है। बुधवार को उन्होंने स्मार्ट सिटी और हेरिटेज निगम के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें शहर में चल रहे विकास कार्यों की धीमी रफ्तार को लेकर नाराजगी जाहिर की। वहीं ऑनलाइन शिकायतों की पेंडेंसी को लेकर पटेल ने अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी इस काम में लापरवाही बरतेगा। उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। नगर निगम हेरिटेज और स्मार्ट सिटी कमिश्नर डॉ निधि पटेल ने बुधवार को जयपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने धीमी गति से चल रहे विकास कार्यों को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि शहर में चल रहे काफी प्रोजेक्ट की क्वालिटी तय मापदंड के अनुसार नहीं है। ऐसे में न सिर्फ प्रोजेक्ट की रफ्तार में तेजी आनी चाहिए। बल्कि, उसकी गुणवत्ता में भी सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी और कर्मचारी या फिर संबंधित फर्म इन कामों में लापरवाही बरतेगा। उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।इसके बाद डॉक्टर पटेल स्मार्ट सिटी ऑफिस में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पहुंची। जहां उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण के साथ ऊपर मॉनिटरिंग सिस्टम को समझा। इस दौरान उन्होंने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए। वहीं आम जनता की शिकायत पर सख्त एक्शन लेने के भी आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को तकनीक के माध्यम से और ज्यादा पावरफुल बनाने की बात कही।

# डोटासरा बोले- आरएसएस ने कभी संविधान-तिरंगे को नहीं माना

## हमारी सरकार में शोर मचाया, अब एसआई भर्ती रद्द क्यों नहीं कर रही सरकार?



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आरएसएस- बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा है कि ये लोग संविधान और लोकतंत्र को नहीं मानते हैं। अब इनके नेता समाजवाद और धर्म निरपेक्षता शब्द को संविधान से हटाने की बातें करके नई चर्चा छेड़ रहे हैं। आरएसएस ने संविधान और तिरंगे झंडे को कभी नहीं माना, तिरंगे को कभी नहीं अपनाया।डोटासरा बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा- जब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान बनाया था तब इन लोगों ने संविधान की प्रतियां जलाई थी। आज जब मूल मुद्दों पर देश की जनता प्रधानमंत्री से सवाल कर रही है तब बीजेपी और आरएसएस के लोग इस तरह की बातें करके लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं।

ये हिंदू मुस्लिम करके अपनी राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता समझ चुकी है कि इस बार इनके बहकावे में नहीं आएंगे।

### डोटासरा बोले-हमने राजस्थान की जनता को खूब समझाया था लेकिन झांसे में आ गए

डोटासरा ने कहा- हमने तब राजस्थान की जनता को खूब समझाया था लेकिन प्रधानमंत्री सहित बीजेपी के सभी नेताओं ने कन्हैयालाल मुद्दे पर जनता से खूब झूठ बोला और वोट लेकर सत्ता हासिल कर ली। तब प्रधानमंत्री ने भी जनसभाओं में खूब झूठ बोला था कि कांग्रेस सरकार में एसआई भर्ती का पेपर लीक हुआ है, रीट का पेपर लीक हुआ है, हम तमाम लोगों को जेल में डाल देंगे। भर्ती परीक्षा दोबारा कराएंगे। राजस्थान की जनता इनके झांसे में आ गई और इन्हें वोट दे दिए।

### अब एसआई भर्ती रद्द क्यों नहीं कर रही सरकार?

डोटासरा ने कहा- एसआई भर्ती को लेकर हमारी सरकार के समय बीजेपी ने खूब शोर मचाया था कि 400 थानेदार फर्जी हैं। सत्ता में आते ही इन लोगों ने भर्ती परीक्षा रद्द नहीं की और अब हाईकोर्ट में जवाब दे रहे हैं की भर्ती परीक्षा रद्द नहीं कर सकते हैं। कैबिनेट सब कमेटी का फैसला नहीं बल्कि यह मुख्यमंत्री का फैसला होता है, क्योंकि जो मुख्यमंत्री चाहते हैं वही कैबिनेट सब कमेटी करती है।

### विज्ञप्ति नहीं निकाल सकते वो भर्ती क्या करवाएंगे?

डोटासरा ने कहा- हमारे समय 60 हजार रीट की भर्ती हुई थी लेकिन भाजपा एक भी फर्जी आदमी नहीं पकड़ पाई,जबकि उस समय हमारी सरकार ने खुद संज्ञान लेकर आरोपियों को पकड़ा था। जो सरकार सही विज्ञप्ति ही नहीं निकाल सकती है वो सरकार क्या भर्ती परीक्षा कराएगी?

### अफसरों से नॉन कोर वर्क करवाया जा रहा

डोटासरा ने कहा- अफसरों से विभागों का काम करवाने की जगह नॉन कोर वर्क करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री 8 घंटे बैठकर समीक्षा करते हैं जिससे कि अधिकारी अपने विभाग के कामकाज पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। एक अधिकारी में तो खुलकर इस पर लिखा भी है कि कि वे अपने विभाग के काम की बजाय नॉन कोर वर्क ज्यादा कर रहे हैं।

## प्रेमी ने लॉज में प्रेमिका के साथ क्वालिटी टाइम बिताया, फिर उसे चाकू घोंप कर मार डाला... पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण

बढ़ता राजस्थान

**भूवनेश्वर ( एजेंसी )।** ओडिशा के ब्रह्मपुर शहर में एक प्रेमी ने लॉज में बुलाने के बाद प्रेमिका की कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ओडिशा में काफी समय से अपराधों की सख्या



बढ़ती जा रही है। पिछले दिनो ओडिशा के बलांगीर जिले में त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग को लेकर एक युवक की कथित रूप से उसके बचपन के दोस्त ने हत्या कर दी। अब एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। ओडिशा के ब्रह्मपुर शहर में एक प्रेमी ने लॉज में बुलाने के बाद प्रेमिका की कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रिया कुमारी मोहराना के रूप में हुई है, जबकि आरोपी की पहचान अभय कुमार मोहराना (24) के रूप में हुई है। वह ब्रह्मपुर के लांजीपल्ली इलाके का निवासी है।पुलिस के अनुसार, अभय ने न्यू बस स्टैंड के पास एक लॉज में मंगलवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे प्रवेश किया था। प्रिया थोड़ी देर बाद पहुंची थी। दोनों ने कुछ समय साथ बिताया था। उसके बाद अभय ने अपराह्न तीन बजे के आसपास कई बार चाकू से उस पर वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी अपने हाथ पर लगी चोट का इलाज कराने सिटी अस्पताल गया। वहां से वह गोसानिनुआगांव पुलिस थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को संदेह है कि अभय ने शादी को लेकर हुए विवाद में अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। ब्रह्मपुर के पुलिस अधीक्षक सरवण विवेक एम. ने कहा, ''आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हम कारण की जांच कर रहे हैं। हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।'' उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वे इस लॉज में तीन बार जा चुके थे। एसपी ने कहा, ''हम मामले की जांच कर रहे हैं।

## हिमाचल में 30 जून की रात 16 जगह बादल फटे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 30 जून की रात को बादल फटने से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह से तबाह हो गया। 12 कर्मचारियों ने भागकर जान बचाई।हिमाचल प्रदेश में 20-21 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। अब तक 20 से ज्यादा जगह बादल फटने की घटना हो चुकी हैं। अकेले 30 जून की रात मंडी और किन्नौर में 16 जगह बादल फटे थे।इस मानसून में राज्य में लैंडस्लाइड-बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। 22 से ज्यादा लोग लापता हैं। 40 के करीब मकान पूरी तरह ढह गए हैं। मंडी जिले से बहने वाली ब्यास नदी उफान पर है। राज्य में आज तेज बारिश का रेड अलर्ट है।

## पुलिस को सोनम के दो मंगलसूत्र मिले:राजा का भाई बोला- एक हमने दिया दूसरे का पता नहीं, हो सकता प्रेमी से शादी की हो

बढ़ता राजस्थान

**इंदौर ( एजेंसी )।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने नया दावा किया है। विपिन का कहना है कि जब मेघालय पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था, तब उन्हें बताया गया कि सोनम के पास से दो मंगलसूत्र मिले हैं। इनमें से एक मंगलसूत्र वह है जो हमारे परिवार ने सोनम को शादी के समय दिया था, लेकिन दूसरा मंगलसूत्र कहां से आया, इसकी जानकारी नहीं है।

हो सकता है जब सोनम राजा की मौत के बाद इंदौर में रुकी थी, तब उसने और राज कुशवाह ने शादी कर ली हो और ये दूसरा मंगलसूत्र उसी का हो सकता है।सोनम और राजा की शादी 11 मई को इंदौर में हुई थी। वे 21 मई को हनीमून के



लिए असम के गुवाहाटी से होते हुए मेघालय पहुंचे थे। 23 मई को पूर्वी खासी हिल्स जिले के सोहरा में नोंगरियाट गांव से लापता हो गए थे। राजा का क्षत-विक्षत शव 2 जून को वेइसाडोंग फॉल्स के पास एक घाटी में मिला था। सोनम 9 जून को यूपी के गाजीपुर में मिली थी।

**पुलिस को सौंपे सोनम को दिए गहनों के फोटो**

विपिन ने बताया कि पुलिस को सोनम के पास से पांच जोड़ी बिछुड़ी और पायजेब भी मिले हैं। ये गहने उनके परिवार ने नहीं दिए थे, यानी ये सोनम के पास पहले से रहे होंगे या किसी और ने दिए होंगे। उन्होंने कहा कि ये सब चीजें पुलिस की जांच में मदद कर सकती हैं।विपिन रघुवंशी ने बताया कि जब पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था, तब उन्होंने सोनम को दिए गए सभी गहनों के फोटो पुलिस को दे दिए थे। उन्होंने बताया कि सोनम को रानी हार, छोटा हार, अंगूठी, टीका, चूड़ियां और चेन जैसी ज्वेलरी दी गई थी।

**सोनम के भाई पर आरोप लगाया, कहा- वह उसे बचा रहा**

विपिन ने सोनम के भाई गोविंद पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि गोविंद अब मीडिया में कह रहा है कि वह राखी से पहले जाकर सोनम से मिलेगा। साथ ही वह पुलिस पर भरोसा नहीं जता रहा है।विपिन ने बताया कि शुरुआत में गोविंद ने परिवार से कहा था कि वह राजा को न्याय दिलाएगा और सोनम को फांसी तक पहुंचाएगा।

## एडमिट कार्ड लेने पहुंचे नर्सिंग स्टूडेंट का हंगामा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने वाले थर्ड ईयर के कुछ स्टूडेंट्स आज दिन में राजस्थान नर्सिंग कौंसिल के ऑफिस पहुंचे और वहां हंगामा कर दिया। स्टूडेंट्स ने ये हंगामा आगामी एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड जारी नहीं करने को लेकर किया।अजमेर के राजस्थान हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग के थर्ड ईयर स्टूडेंट्स ने बताया- थर्ड ईयर का कल से एग्जाम है। सभी कॉलेजों के स्टूडेंट्स के एडमिट कार्ड आ गए, लेकिन हमारे अब तक जारी नहीं किए गए।इस पर उन्होंने कौंसिल में जाकर रजिस्ट्रार जोइस कुरियन से इस मामले में बहस भी की।

## प्रदेश में फायर एनओसी नियमों में बदलावःअब नवीनीकरण पर देनी होगी दोगुनी राशि, 21 महीने बाद बढ़ाई दर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद क्षेत्र में फायर एनओसी नवीनीकरण नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इसके बाद अब भवन मालिकों को फायर एनओसी के लिए दोगुनी राशि का भुगतान करना होगा।दरअसल, सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने फायर सेफ्टी नियमों में संशोधन किया है। ऐसे में प्रदेशभर में फायर एनओसी नवीनीकरण (रिन्यू) के लिए भवन मालिकों को दोगुनी राशि का भुगतान करना होगा।स्वायत्त शासन विभाग के आदेश के बाद प्रदेश के नगर निगम क्षेत्र में जहां फायर एनओसी नवीनीकरण शुल्क को बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया है। इसी तरह नगर पालिका क्षेत्र में फायर एनओसी शुल्क को बढ़ाकर 15 हजार जबकि नगर परिषद क्षेत्र में शुल्क को बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया गया है।इससे पहले प्रदेश में पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान 14 सितंबर 2023 को प्रदेश में फायर एनओसी नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी की गई थी। ऐसे में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने 21 महीने बाद एक बार फिर फायर एनओसी शुल्क में बढ़ोतरी का फैसला किया है।बता दें कि इससे पहले राजस्थान की भजनलाल सरकार ने प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए फायर एनओसी की समय अवधि को एक साल से बढ़कर 3 साल करने का फैसला किया था। हालांकि यह फैसला नगरीय निकाय में टूरिज्म को प्रमोट करने वाले होटल रिसोर्ट और मॉन्युमेंट पर ही लागू हुआ था।

## विद्या के मंदिर में हवस का नंगा नाच! इस बार आदमी नहीं, महिला टीचर ने किया अपने स्टूडेंट के साथ कांड...

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई के एक प्रमुख स्कूल की 40 वर्षीय महिला शिक्षिका को 16 वर्षीय छात्र का बार-बार यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अंग्रेजी की शिक्षिका विवाहित है।

पिछले काफी समय से महिलाओं की क्रूरता की कई वारदातें सामने आयी है। सोनम से लेकर मुस्कान तक.. कई



महिलाओं ने ऐसे अपराध किए है जिसपर विश्वास कर पाना कल्पना से परे हैं। ताजा खबर एक महिला टीजर की है। जिसने अपने ही स्टूडेंट को अपनी हवस का शिकार बनाया है। मुंबई के एक प्रमुख स्कूल की 40 वर्षीय महिला शिक्षिका को 16 वर्षीय छात्र का बार-बार यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अंग्रेजी की शिक्षिका विवाहित है। उन्होंने बताया कि शिक्षिका नाबालिग छात्र को आलीशान होटलों में ले जाती थी, जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

पुलिस ने बताया कि पिछले सप्ताह हिरासत में ली गई महिला नाबालिग के प्रति इतनी आसक्त थी कि उसने इस वर्ष स्कूल से उत्तीर्ण होने के बाद भी उससे (छात्र से) संपर्क करने की कोशिश की। पुलिस अधिकारी के अनुसार, दिसंबर 2023 में स्कूल के वार्षिक समारोह के सिलसिले में विभिन्न मुलाकातों के दौरान आरोपी शिक्षिका छात्र की ओर आकर्षित हो गई।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# सुसाइड से पहले बेटे को बेटी की तरह सजाया:प्रॉपर्टी विवाद में पति-पत्नी ने 2 बच्चों संग की आत्महत्या; लिखा- घर के सामने जलाना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर ( नि.स. )।** राजस्थान के बाड़मेर में पति-पत्नी ने सामूहिक सुसाइड से पहले छोटे बेटे का बेटी की तरह श्रृंगार किया था। मां ने उसे चुनरी ओढ़ाई, काजल लगाया और अपनी सोने की ज्वेलरी पहनाई थी। बच्चा बेहद खुश था तो उसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डाला। इसके बाद मां-बाप ने उसका श्रृंगार उतारा और घर से 20 मीटर दूर बने पानी के टैंक में कूदकर अपने बच्चों (बेटों) के साथ सुसाइड कर लिया। वजह थी, छोटे भाई से प्रॉपर्टी विवाद। पुलिस को घर से एक सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा है- हमारा अंतिम संस्कार घर के आगे किया जाए, क्योंकि यही विवाद की वजह है। सुसाइड नोट में मौत का जिम्मेदार छोटे भाई को बताया। जमीन के लिए परेशान करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**चारों के शव टैंक में पड़े थे**

सीआई सत्यप्रकाश ने बताया- मंगलवार रात 8 बजे सूचना मिली कि उण्डू गांव में एक ही परिवार के 4 लोगों ने पानी के टैंक (टांके) में कूदकर सुसाइड कर लिया है। इनकी पहचान शिवलाल (35) पुत्र नगाराम निवासी उण्डू, पत्नी कविता (32), बेटे बजरंग (9) और रामदेव (8) के रूप में हुई। शिव थाना पुलिस और रामसर डीएसपी मानाराम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ में सामूहिक आत्महत्या का मामला सामने आया।

**2 पेज के सुसाइड नोट में लिखी वजह**

सीआई सत्यप्रकाश ने बताया- शिवलाल के घर की तलाशी लेने पर एक कमरे में 2 पेज का सुसाइड नोट मिला। इसमें शिवलाल ने छोटे




भाई मांगीलाल पर आरोप लगाए हैं। सुसाइड नोट में प्रॉपर्टी को लेकर दोनों भाइयों (शिवलाल-मांगीलाल) के बीच विवाद की बात लिखी थी।शिवलाल ने छोटे भाई मांगीलाल के परिवार को सुसाइड के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लिखा है- इनको सजा मिलनी चाहिए। मेरा अंतिम संस्कार मेरे घर के आगे ही किया जाए। शिवलाल के साले ने सुसाइड नोट के आधार पर रिपोर्ट दी है।वीडियो 7 दिन पहले का है। बच्चे मां के साथ काम में हाथ बंटाते नजर आ रहे हैं। पति-पत्नी ने बच्चों के संग बिताए पलों के ढेरों वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रखे हैं।

वीडियो 7 दिन पहले का है। बच्चे मां के साथ काम में हाथ बंटाते नजर आ रहे हैं। पति-पत्नी ने बच्चों के संग बिताए पलों के ढेरों वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रखे हैं।

**सरकारी स्कीम में मां के नाम निकला था मकान**

सीआई ने बताया- शिवलाल जयपुर में हैंडीक्राफ्ट का काम करता था। वहीं उसका छोटा भाई मांगीलाल बाड़मेर में टेंट हाउस का काम करता है। पिता पूजा-पाठ के काम से जुड़े हैं। सरकारी स्कीम में उण्डू गांव में ही शिवलाल-मांगीलाल की मां कमला के नाम पर पुश्तैनी मकान के सामने ही एक मकान निकला था। शिवलाल चाहता था- पुश्तैनी मकान छोटे भाई को दे दिया जाए जबकि मां के नाम निकला मकान वह रख लेगा। लेकिन, मां और भाई मांगीलाल ऐसा नहीं चाहते थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार